Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -344 गुरूवार ,20 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

सपने में भी राग,द्वेष ईर्ष्या,मद और मोह के वश में नहीं होना चाहिए।

- तुलसीदास-

# मल्लिकार्जुन खड़गे बने कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष

## 24 साल बाद पार्टी को मिला पहला गैर गांधी अध्यक्ष



**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2022।** देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को लंबी जद्दोजहद, उठापटक के बाद आखिरकार आज मल्लिकार्जुन खड़गे के रूप में नया अध्यक्ष मिल ही गया. सीताराम केसरी के 24 साल बाद कांग्रेस को मल्लिकार्जुन खरगे के रूप में पहला गैर गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मिला है. 80 साल के खडगे ने शशि थरूर को बड़े अंतर से अध्यक्ष चुनाव में पराजित किया है.

हालांकि चुनाव से पहले ही माना जा रहा था कि खड़गे आसानी से चुनाव जीत जाएंगे. उन्हें गांधी परिवार का पूरा साथ था. खड़गे को 7, 897 वोट मिले जबकि थरूर को महज 1,072 वोट ही मिले. 416 वोट अमान्य करार दिए गए। कुल 9,385 वोट पड़े थे।

### निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सोनिया और प्रियंका गांधी ने दी बधाई





निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सोनिया और प्रियंका गांधी ने बधाई दी. बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में शशि थरूर को मल्लिकार्जुन खड़गे से करार हार का सामना करना पड़ा. शशि थरूर चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अब 4:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे. खड़गे को 7897 वोट मिले हैं, शशि थरूर को 1072 वोट मिले. जबकि 416 वोटों को रद्द कर दिया गया है.

मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन गए हैं. खड़गे को 7897 वोट मिले. वहीं, शशि थरूर को 1072 वोट मिले. जबकि 416 वोट रद्द हो गए. कुल 9385 नेताओं ने 17 अक्टूबर को वोट डाला था.

### हार के बाद बोले थरूर,1000 साथियों का साथ भी मेरे लिए सम्मानजनक



कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने अपने प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि 1,000 साथियों का साथ मिलना भी मेरे लिए सम्मान की बात है।

चुनाव के नतीजों के अनुसार मल्लिकार्जुन खड़गे को 7,897, जबकि शशि थरूर को 1,072 वोट मिले हैं। थरूर ने अपने बयान में कहा, ''अंतिम फैसला खड़गे के पक्ष में रहा, कांग्रेस चुनाव में उनकी जीत के लिए मैं उन्हें हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, ''कांग्रेस का अध्यक्ष बनना बड़े सम्मान, बड़ी जिम्मेदारी की बात है, मैं मल्लिकार्जुन खड़गे को इस चुनाव में उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं 卐

उन्होंने आगे यह भी कहा कि सर्वाधिक संकटपूर्ण स्थितियों में पार्टी का संबल बने रहने और नेतृत्व प्रदान करने के लिए सभी, निवर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के ऋणी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में अपना योगदान देने के लिए मैं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का धन्यवाद करता हूं।

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं समेत करीब 9500 डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्यों) ने पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान किया था।

### सीएम भूपेश बघेल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दी बधाई



**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी और ट्वीट कर लिखा - राजनीतिक कौशल, सांगठनिक अनुभव और संसदीय प्रणाली के संयुक्त अनुभव के हस्ताक्षर और संस्थान श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ। हम सब कार्यकर्ता आपके नेतृत्व में देश और दल को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

बता दें कि मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन गए हैं. खड़गे को 7897 वोट मिले. वहीं, शशि थरूर को 1072 वोट मिले. जबकि 416 वोट रद्द हो गए. कुल 9385 नेताओं ने 17 अक्टूबर को वोट डाला था।

### आजादी के बाद 1950 में पहली बार हुआ था चुनाव

1939 में जब अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था, तब महात्मा गांधी के उम्मीदवार पी सीतारमैया नेताजी सुभाष चंद्र बोस से हार गए थे. फिर आजादी के बाद पहली बार 1950 में पार्टी अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव हुआ. तब पुरुषोत्तम दास टंडन और आचार्य कृपलानी का आमना-सामना हुआ. इस चुनाव में सरदार वल्लभभाई पटेल के खास माने जाने वाले टंडन ने तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू की पसंद को पछाड़ दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में भूकंप,पटना और पश्चिम चंपारण में हिली धरती;सहमे लोग




**पटना, 19 अक्टूबर 2022।** बिहार के कुछ इलाकों में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राजधानी पटना के अलावा पश्चिम चंपारण में भूकंप के झटके को महसूस किए गए हैं। अभी तक कहीं से भी जान माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल काठमांडू से 66 किलोमीटर पूर्व में था।दोपहर 2 बजकर 52 मिनट बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 पाई गई है।

### कैंसर को जड़ से खत्म करने जल्द आ जाएगी वैक्सीन : प्रोफेसर ओजलेम



**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2022।** कोविड वैक्सीन तैयार करने वाली एक वैज्ञानिक दंपति ने दावा किया है कि दुनिया को 2030 से पहले कैंसर का टीका मिल जाएगा। दरअसल वैज्ञानिक प्रोफेसर ओजलेम टयूरेसिया और उनकी पत्नी उगुर साहिन ने बायो एनटेक की स्थापना की थी। इसी बायोएन टेक ने फाइजर कंपनी के साथ मिलकर कोविड-19 का टीका विकसित किया था। मैसेंजर आरएनए पर आधारित यही टीका अधिकांश अमीर देशों में लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर ओजलेम टयूरेसिया दंपति ने बताया कि निश्चित तौर पर हमें लगता है कि कैंसर के इलाज के लिए या कैंसर मरीजों के जीवन को बदलने का इलाज बहुत जल्द हमारी मुट्ठी में होगा। प्रोफेसर उगुर साहिन ने कहा कि कैंसर का टीका कोविड-19 वैक्सीन के विकास के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा हासिल की गई।

# पूर्व सीएम जयललिता की मौत के पीछे करीबी दोस्त शशिकला का हाथ



**नई दिल्ली , 19 अक्टूबर 2022।** तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की 2016 में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर में चोट के निशान मिले थे। मौत के मामले संदिग्ध होने के कारण एक जांच कमेटी बनाई गई थी जिसका रिपोर्ट आ गई है जो बेहद चौंकाने वाले हैं । मौत के लिए जिम्मेदार परस्थितियों की जांच कर रहे एक आयोग ने दिवंगत नेता की करीबी दोस्त वी.के. शशिकला को दोषी बताया है। जांच समिति ने करीबी 600 पन्नों की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी है।

राज्य मंत्रिमंडल ने इस रिपोर्ट पर चर्चा की और फैसला किया कि वे सिफारिशों के संबंध में कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेंगे। द्रमुक ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि वे जयललिता की मौत के बारे में सच्चाई सामने लाएंगे।

न्यायमूर्ति ए अरुमुगास्वामी आयोग की जांच रिपोर्ट मंगलवार को तमिलनाडु विधानसभा के पटल पर रखी गई, जिसमें कहा गया कि कई पहलुओं पर विचार करते हुए शशिकला को 'दोषी' ठहराया और जांच की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यदि जांच का आदेश दिया गया तो पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी विजयभास्कर, तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव जे राधाकृष्णन और चिकित्सा के पेशे से जुड़े के.एस. शिवकुमार भी दोषी पाए जाएंगे।

# दंगों के आरोपी 12 साल के बच्चे पर एक्शन, 2.9 लाख रुपए की वसूली का नोटिस जारी



**भोपाल, 19 अक्टूबर 2022।** मध्य-प्रदेश के खरगोन जिले के एक 12 साल के बच्चे को दो लाख 90 हजार रुपये की वसूली का नोटिस भेजा गया है। यह बच्चा बीते साल रामनवमी पर हुए दंगों का आरोपी है। इस नोटिस पर एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि मुसलमानों से इतनी नफरत कि अब बच्चों से वसूली लेंगे? ज्ञात हो कि राज्य में पत्थरबाजी और अन्य हिंसक घटनाओं को रोकने के साथ शासकीय और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्यवाही के लिए एक कानून बनाया गया है प्रिवेंशन एंड रिकवरी ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी। इस कानून में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर वसूली का प्रावधान है।

सरकार द्वारा सरकारी और निजी संपत्ति पहुंचाने के लिए बनाए गए कानून के तहत ट्रिब्यूनल का भी गठन किया गया है। इस ट्रिब्यूनल में कुल 343 शिकायतें की गई थी जिसमें से 34 को स्वीकार किया गया और छह मामले निपटाए जा चुके हैं। इसमें से एक मामला है खरगोन का।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, खरगोन में बीते साल 10 अप्रैल को रामनवमी के मौके पर हिंसा भड़की थी। यहां की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रामनवमी पर हुई हिंसा में उसकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, बच्चे ने उनके घर में घुसकर लूटपाट की। बच्चे के माता पिता बच्चे को नाबालिग बता रहे हैं। वहीं ट्रिब्यूनल ने जो राशि तय की है उसकी भरपाई माता-पिता को करनी होगी।

इस मामले में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है, मध्य प्रदेश के कानून के तहत एक 12 साल के बच्चे को मुजरिम बना दिया गया है। किशोर न्याय कानून कहता है कि.. किसी बालक के बारे में यह उपधारणा की जाएगी कि वह असद्भाव पूर्ण या आपराधिक आशय दोषी नहीं, मुसलमानों से इतनी नफरत कि अब बच्चों से वसूली लेंगे?

# संजय राउत की न्यायिक हिरासत 21 तक बढ़ी



**मुंबई, 19 अक्टूबर 2022।** पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और उनकी पत्नी और सहयोगियों से जुड़े वित्तीय लेनदेन से धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए शिवसेना सांसद संजय राऊत को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है बल्कि उनकी मुश्किलें और बढ़ती ही जा रही है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने कहा कि वह सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर 21 अक्टूबर को सुनवाई जारी रखेगी। विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी, जब उन्हें मंगलवार को हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया।

अदालत में राउत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एकनाथ खडसे से मिले, जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले के सिलसिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वहां आए थे। दोनों नेताओं ने संक्षिप्त बात की और इस दौरान राउत को खडसे को यह कहते हुए सुना गया कि वह जल्द ही जेल से बाहर होंगे।

राउत के वकील अशोक मुंदरगी ने मंगलवार को अपनी प्रत्युत्तर दलीलें पूरी कीं, जिस दौरान उन्होंने अदालत को बताया कि ईडी द्वारा राउत के खिलाफ लगाए गए आरोप ''स्वाभाविक रूप से अविश्वसनीय हैं और उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।÷ मुंदरगी ने अदालत को बताया कि कथित लेनदेन साल 2008 से 2012 तक के हैं। उन्होंने कहा, ''एक दशक हो गया है और आरोप केवल 3.85 करोड़ रुपये का है।÷ ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने मुंदरगी द्वारा दी गई कुछ नयी दलीलों का विरोध करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। अदालत ने सहमति जताते हुए मामले की अगली सुनवायी 21 अक्टूबर को तय की और राउत की न्यायिक हिरासत तब तक के लिए बढ़ा दी। ईडी ने राउत को पात्रा चॉल पुनर्विकास परियोजना के संबंध में धनशोधन के आरोप में इस साल जुलाई में गिरफ्तार किया था। उपनगरी क्षेत्र गोरेगांव में 47 एकड़ में फैली पात्रा चॉल को सिद्धार्थ नगर के नाम से भी जाना जाता है।

### पति ने पत्नी,दो बच्चों और सास-ससुर को जिंदा जलाया

**पंजाब , 19 अक्टूबर 2022।** एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है. पत्नी के मायके से वापस लौटने से इनकार करने पर पति ने खौफनाक कदम उठाया. उसने अपनी पत्नी और उसके मां-बाप के साथ दो बच्चों को सोते समय जिंदा जला दिया. मां-बाप और दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई. यह जानकारी पुलिस ने दी.

यह घटना पंजाब के जालंधर जिले की है. पुलिस ने बताया कि परमजीत कौर अपने दो बच्चों के साथ पांच-छह महीने से पंजाब के जालंधर जिले में स्थित अपने माता-पिता के साथ रह रही थी. कुलदीप सिंह चाहता था कि परमजीत लुधियाना के खुर्शेदपुर गांव स्थित उसके घर लौट आए. परमजीत कौर ने वापस जाने से इनकार कर दिया क्योंकि कुलदीप उसे और बच्चों को पीटता था.

# शादी के तीन घंटे बाद ही दुल्हन ने दिया बच्चे को जन्म,मचा बवाल



**असमोली, 19 अक्टूबर 2022।** क्या आपने कभी सुना है कि शादी के बाद दुल्हन घर आई हो और चंद घंटों में ही वो मां बन जाए!? जी हां, उत्तरप्रदेश के असमोली थाना क्षेत्र के रतुपुरा गांव से ऐसा ही एक रोचक मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक युवती अपने ही गांव के एक युवक के घर में घूस गई। वह उसके प्रेमी का ही घर था। घर में अपने प्रेमी के कमरे में जाने के बाद वह उससे शादी की जिद्द पकड़ बैठी। गांव में हल्ला मच गया लेकिन युवती टस से मस नहीं हुई। युवक ने शादी से इंकार कर दिया। वैसे युवक-युवती दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे और शारीरिक संबंध भी बना चुके थे और उसी से वह गर्भवती भी हो चुकी थी।

जब मामला सुलझता नहीं दिखा तो पुलिस आई और दोनों को थाने ले गई। पुलिस ने समझा-बुझा कर दोनों को शादी के लिये राजी करवा लिया। दोनों की शादी हुई और दुल्हन सज-धज कर अपने ससुराल पहुंची ही थी कि शादी के तीन घंटों बाद उसे पेट में दर्द हुआ। युवती को पास के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। शादी के चंद घंटों में घर में बच्चे की किलकारी गूंजने पर घर वाले भी खुश हो गये। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और इलाके में इस घटना की बड़ी चर्चा हो रही है।

# मेमू स्पेशल ट्रेन में लगी भीषण आग, लोको पायलट ने कूदकर बचाई जान




**ब्रजराजनगर, 19 अक्टूबर 2022।** मेमू स्पेशल ट्रेन में भीषण आग लगने से हडकंप मच गया . हादसा होने के बाद लोको पायलट ने कूदकर अपनी जान बचाई . बताया जा रहा है कि ट्रेन गोंदिया से झारसुगुड़ा जा रही थी . हादसा तब हुआ जब ट्रेन ब्रजराजनगर स्टेशन पर खड़ी थी. यह भी बताया जा रहा है कि ट्रेन के इंजन में आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र भी नहीं था .

हालांकि ट्रेन स्टेशन में ही खड़ी हुई थी जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया . जानकारी के मुताबिक ब्रजराजनगर स्टेशन पर ट्रेन खड़ी थी . इसी बीच अचानक लोको पायलट के केबिन से धुआं उठने लगा. देखते ही देखते आग बुरी तरह फैल गई. स्टेशन में उपलब्ध अग्निशमन की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. इस घटना से यात्री दहशत में आ गए. इंजन बदलकर ट्रेन को आगे रवाना किया गया. अंदाजा लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है. हालांकि इस बात की अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है. फिलहाल रेलवे इस पूरे मामले की जांच कर रही है.

**हैवानियत की हदः**

# गाजियाबाद में निर्भया जैसा कांड,पांच लोगों ने वारदात को दिया अंजाम युवती की दास्तां सुनकर कांप उठेगी रूंह



**गाजियाबाद, 18 अक्टूबर 2022।** एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई हैं। पांच हैवानों ने गाजियाबाद में निर्भया जैसा कांड को अंजाम दिया है। दिल्ली की 38 वर्षीय युवती का गाजियाबाद में 5 लोगों ने अपहरण कर 2 दिनों तक सामूहिक बलात्कार किया। हैवानों ने गैंगरेप करने के बाद युवती के प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी। बताया जा रहा है कि युवती सड़क पर हाथ-पैर बंधी बोरे में पड़ी मिली थी। फिलहाल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूछताछ के दौरान युवती ने बताया कि वह दिल्ली में स्थित नंदनगरी की रहने वाली है और गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र में अपने भाई के घर एक बर्थडे पार्टी में गई थी। वहां से वापस लौटते समय उसके साथ 5 लोगों ने अपहरण कर गैंगरेप किया है।

एसपी सिटी ने बताया कि कल यानी 18 अक्तूबर की सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर थाना नंदग्राम पुलिस को यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली कि आश्रम रोड के पास एक युवती पड़ी हुई है. सूचना पर आला अफसर मौके पर पहुंचे।

वहीं इस मामले में दिल्ली की महिला आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली की लड़की गाजियाबाद से रात में वापस आ रही थी। जब उसे जबरन गाड़ी में उठा ले गए. 5 लोगों ने 2 दिन बलात्कार किया और उसके गुप्तांगों में रॉड घुसाई. सड़क किनारे बोरी में मिली, तब भी रॉड उसके अंदर थी। अस्पताल में जिंदगी के लिए लड़ रही है। एसएसपी गाजियाबाद को नोटिस इस्यू किया है। एसपी सीटी ने बताया कि पीड़िता ने पहले 2 आरोपी बताए थे, लेकिन बाद में 5 बताए। पुलिस ने इनमे से 4 लोगों को हिरासत में ले लिया है. अभी तक की जांच में यह भी सामने आया है कि पीड़िता का आरोपियों से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है और वह प्रॉपर्टी का विवाद कोर्ट में भी पहुंच गया है।

C M Y K

# संपादकीय


## आर्थिक गिरावट का अर्थशास्त्र

लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है।

भारत में सितंबर में महंगाई दर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। यानी अप्रैल के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कई किस्तों में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। लेकिन अब यह साफ है कि यह उपाय कारगर नहीं है। ऐसा होना भी नहीं था। इसलिए कि ब्याज दरें बढ़ाना तब कारगर होता है, अगर मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था के ओवरहीटिंग से बढ़ रही हो। यानी तब जबकि आमदनी बढ़ने से उपभोग बढ़ रहा हो और मांग के कारण उत्पादक निवेश की 'एनिमल स्पीरिट' बेलगा हो गई हो। लेकिन इस बार की महंगाई ऐसी नहीं है। इस बार महंगाई सप्लाई साइड की मुश्किलों के कारण बढ़ी है। इसीलिए दुनिया भर में इसे रोकने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का तरीका फेल हो रहा है। उलटे ब्याज दरें बढ़ने से समाज के एक तबके की आमदनी पर और दबाव बढ़ा है। उधर महंगाई बेकाबू रहने की वजह से लगभग हर तबके की वास्तविक गिरी है। ऐसे में बाजार में पहले से ही घटी मांग अब गायब होती जा रही है। इस आंकड़ों से सबके ललाट पर चिंता की रेखाएं काफी गहरी हो जानी चाहिए थीं कि सितंबर में तेल-साबुन जैसी आम रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजों की बिक्री लगभग दस फीसदी गिरी।

जब ये आलम हो, तो इस आंकड़े पर हैरत क्यों होनी चाहिए कि उसी महीने में औद्योगिक उत्पादन 0.8 प्रतिशत सिकुड़ गया। अगर लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है। फिर भी यह देश का दुर्भाग्य है कि भारतीय मीडिया बदहाली के बीच चमकने वाली सुर्खियों की तलाश में लगा हुआ है। मसलन, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट का सार यह था कि भारत इस वर्ष जीडीपी की पहले अनुमानित दर को अब हासिल नहीं कर पाएगा। लेकिन सुर्खी यह बनी कि भारत की वृद्धि दर दूसरे देशों से बेहतर रहेगी। अब ये सुर्खी ऊपर से निर्देश के कारण बनी, या मीडियाकर्मियों का मानस खुद ऊपर की इच्छा को समझने लगा है, यह हमें नहीं मालूम है।


## आंखों के सागर में



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

है माहताब सर पे बादल भी गरजते हैं
कैसी है ये गुस्ताख़ी जुल्फों से उलझते हैं
मौसम का तकाज़ा है ख्वाबों में आ जाओ
भीगी भीगी रातों में ऐसे भी मिलते हैं
मदहोश फ़ज़ाएं भी दिल में भी शरारत है
आ थाम मेंरी बाहें कहीं दूर निकलते हैं
आंखों के सागर में हमको न डुबो देना
मालूम नहीं हमको फिर कैसे उभरते हैं
कितनी ख़्वाहिश दिलमें बैठीहैं झुके सर से
कैसी है ये अज़माईश इकरार से डरते हैं

## नूर



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

जहां के बदलेंगे हालात, इम्काँ है
तसल्ली है कि महफ़िल-ए-याराँ है
दो आलम भी समा जाएंगे इसमें
दिल ये दरिया से भी गहरा सामाँ है
नूर ये जो रब ने रुख़ पे बख़्शा है
दर्द क्यूं-कर चेहरे पे नुमायाँ है
इक रोज़ एक गुल ने हंसकर कहा
देखो यहाँ! ये ज़िक्र-ए-बहाराँ है
ख़ुशी तो ढूंढने से मिल जाती है गीत
हर दिल यहां हैरान-ओ-परेशाँ है


## कोहरे की चादर



**ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

कोहरे की चादर में लिपटा शहर।
अपने ही दायरे में सिमटा शहर।
अपने में गुम, मुंह फेर के बैठा है,
न जाने किस बात पे रुठा शहर।
दिल की मानिंद, धड़कता था कभी,
पत्थरों के कैद खाने में सिमटा शहर।
कड़ी धूप है, कहीं तो ठंढी छांव मिले,
दरख्तों की तलाश में भटका शहर।
,सागर , किसको पुकारें कौन अपना है,
कहीं सूबों में कहीं खेमों में बंटा शहर।

## खुश रहने का यही मंत्र है



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

खुश रहने का यही मंत्र है
संतोष कर लो उसमें जो तुम्हें प्राप्त है
खुशी से जियो हर पल जीवन का ,वही पर्याप्त है
दुखों को भुला के जो खुशियां बांटे
अवश्य उसमें ईश्वर व्याप्त है
जो हर मुश्किलों का हंसकर करे सामना,
सफलता उसके साथ रहती हर वक्त है
खुश रहने का यही मंत्र है खुश रहने का यही मंत्र है
अकेला ना चल राह में,जीवन तो एक सफर है
मिलते रहो यारों से,सब अपने में व्यस्त हैं
छोटा सा तो हमें जीवन मिला है
फिर क्यों ईर्ष्या और अभिमान से त्रस्त हैं
एक मुस्कुराहट है,जो बांटने से फैलती है
चलो कर दें माहौल खुशनुमा, यही सही वक्त है
खुश रहने का यही मंत्र है

# दुनियां को वैश्विक खतरों आतंकवाद,भ्रष्टाचार और मादक पदार्थ तस्करी को हराने के लिए एक साथ आना समय की मांग

**एक और एक ग्यारह-जब वैश्विक ताकतें आपसी सहयोग, विचार करने के लिए आपस में मिल जाए तो अपराधी ताकतों की कमर तोड़कर रख सकती हैं**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तर पर वर्तमान कुछ वर्षों से हम मीडिया के माध्यम से देख वह सुन रहे हैं कि दुनिया के अधिकतम देश वैश्विक खतरों आतंकवाद, भ्रष्टाचार और मादक पदार्थ तस्करी से पीड़ित हैं जिसमें हर देश अपने अपने स्तर पर मुकाबला कर रहा है। ऐसा नहीं है कि यह बुराइयां केवल उस अकेले देश के बल पर की जाती है बल्कि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तरपर एक चैनल बनी होती है जिसके बल पर यह काम होते हैं जिसे अपने अपने स्तर पर मानवीय जीवो, पैसों की फंडिंग, हथियारों की तस्करी नशीले पदार्थों की तस्करी सहित अनेक प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से करके काम को अंजाम दिया जाता है। इस चैनल को तोड़ने के लिए सभी देशों को आपसी सहयोग विचारों मे सामंजस्यता रखकर रणनीति बनाकर इन वैश्विक खतरों को हराने के लिए करना जरूरी हो गया है, क्योंकि हर देश में अपने अपने कानून नियम लागू होते हैं और इसमें लिप्त अपराधी एक देश में अपराध कर दूसरे देश मे पनाह ले लेते हैं और पीड़ित देश से बचते रहते है, जिसका हम भारत में उदाहरण देखें तो, मुंबई बम कांड के आरोपी, बैंक घोटालों के आरोपी इत्यादि अनेक तरह के आरोपी आज भारत के नियमों कानूनों से बचकर विदेशों में छिपे बैठे हैं।इसीलिए ही 1923 में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन याने इंटरपोल की स्थापना की गई जिसमें आज 195 देश सदस्य हैं जो दुनिया के मोस्ट वांटेड अपराधियों के खिलाफ सात प्रकार के नोटिस जारी कर सकते हैं। प्रतिवर्ष यह विभिन्न मुद्दों पर सम्मेलन आयोजित करता है जिसमें सभी देशों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं इसी क्रम में, पिछली बार 1997 में हुई इंटरपोल की महासभा इस वर्ष 25 वर्षों के बाद 18 से 21 अक्टूबर 2022 तक यह इंटरपोल की 90 वीं महासभा नई दिल्ली भारत में शुरू है, जिसमें सभी दिग्गज देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इसमें कल हमारे पड़ोसी मुल्क के प्रतिनिधि से प्रेस नें उनके यहां शरण लिए हुए यहां के अपराधियों के बारे में पूछा गया तो थैंक्यू में जवाब दिया। हमारे माननीय पीएम महोदय ने 18 अक्टूबर 2022 को महासभा को संबोधित किया और 21 अक्टूबर 2022 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री समापन समारोह को संबोधित करेंगे।

साथियों बात अगर हम इंटरपोल की करें तो भारत में चल रहे इस सम्मेलन में इसके महासचिव ने एक दिन पूर्व प्रेस में जानकारी दी कि, राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकने में इंटरपोल की कोई भूमिका नहीं है। इसका ध्यान साइबर अपराधियों, मादक पदार्थ के सौदागरों और बाल शोषण करने वालों पर अंकुश लगाने पर रहता है। इंटरपोल साधारण कानूनी अपराध पर केंद्रित है जो कि दुनियाभर में होने वाले अपराध का बहुसंख्य हिस्सा है। मंगलवार से शुरू हुई, इंटरपोल महासभा की चार दिवसीय बैठक के सिलसिले में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन चार दिनों में वैश्विक अपराध और उससे साझा तरीके से निपटने पर विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दिनों संगठित अपराध के नए आयाम बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रहे हैं। एक तरफ अपराधियों का अंतरराष्ट्रीय फैलाव तो दूसरी तरफ साइबर क्राइम हर देश में सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभाव डाल रहे हैं। हम बाल शोषण करने वालों, दुष्कर्मियों, हत्यारों, ड्रग डीलरों, साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं जो अरबों कमाना चाहते हैं, यही इंटरपोल का फोकस है इंटरपोल की ओर से जारी रेड नोटिस अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट नहीं होता। इंटरपोल अपने किसी सदस्य देश को रेड नोटिस जारी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए मजबूर नहीं करता। उन्होंने कहा कि हम मुख्य रूप से हमारे संविधान के अनुसार सामान्य कानून अपराध पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम बाल शोषण करने वालों, बलात्कारियों, हत्यारों, अरबों पैसा कमाने की चाहत रखने वाले मादक पदार्थ सौदागरों और साइबर अपराधियों के खिलाफ काम कर रहे हैं तथा इस पर इंटरपोल का मुख्य ध्यान है। दुनिया भर में ज्यादातर यही अपराध होते हैं, इसलिए इंटरपोल मौजूद है। महासचिव ने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों के प्रतिनिधि भी महासभा में शामिल होने के लिए आए हैं। पीएम कार्यालय के मुताबिक, प्रतिनिधियों में सदस्य देशों के मंत्री, पुलिस प्रमुख, केंद्रीय ब्यूरो के प्रमुख और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। महासभा इंटरपोल का सर्वोच्च शासी निकाय है। इसके कामकाज से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए इसकी साल में एक बार बैठक होती है। बैठक में वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हो रही है।

साथियों बात अगर हम इस सम्मेलन में माननीय पीएम के 18 अक्टूबर 2022 को संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम नें भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और वित्तीय अपराधों ने कई देशों के नागरिकों के कल्याण को नुकसान पहुंचाया है।भ्रष्ट लोग दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपराध की आय को रखने का एक तरीका ढूंढ लेते हैं। यह पैसा उस देश के नागरिकों का है, जहां से उन्हें लिया गया है। अक्सर, यह दुनिया के कुछ सबसे गरीब लोगों से लिया गया है। इसके अलावा, पैसा कई हानिकारक कामों में लगाया जाता है। उन्होंने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध जैसे कई उभरते हानिकारक वैश्वीकृत खतरों के बारे में याद दिलाया। उन्होंने कहा, इन खतरों के परिवर्तन की गति पहले की तुलना में तेज है। जब खतरे वैश्विक हों, तो प्रतिक्रिया सिर्फ स्थानीय स्तर पर नहीं हो सकती! समय आ गया है कि दुनिया इन खतरों को हराने के लिए एक साथ आए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद की बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि भारत कई दशकों से इसका मुकाबला कर रहा है, इससे भी पहले कि जब दुनिया ने इसकी पहचान की। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा और संरक्षा की कीमत जानते हैं। हमारे हजारों लोगों ने इस लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने विस्तार से बताया कि आतंकवाद अब केवल भौतिक रूप में नहीं लड़ा जाता है, बल्कि ऑनलाइन कट्टरता और साइबर खतरों के माध्यम से तेजी से फैल रहा है। एक हमले को अंजाम दिया जा सकता है अथवा सिस्टम को केवल एक बटन के क्लिक से ध्वस्त कियाजा सकता है।अंतर्राष्ट्रीय रणनीतियों को और विकसित करने की आवश्यकता को दोहराते हुए, उन्होंने कहा, प्रत्येक राष्ट्र उनके खिलाफ रणनीतियों पर काम कर रहा है। लेकिन हम अपनी सीमाओं के भीतर जो करते हैं, वह अब काफी नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि शीघ्र पता लगाने और चेतावनी प्रणाली की स्थापना, परिवहन सेवाओं की सुरक्षा, संचार के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, तकनीकी और प्रौद्योगिकीय सहायता, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, और विभिन्न अन्य चीजों को एक नए स्तर पर ले जाया जाए।

आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः। देवा नोयथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवेदिवे॥

अर्थ - हमारे पास चारों ओर से ऐंसे कल्याणकारी विचार आते रहें जो किसी से न दबें, उन्हें कहीं से बाधित न किया जा सके एवं अज्ञात विषयों को प्रकट करने वाले हों। प्रगति को न रोकने वाले और सदैव रक्षा में तत्पर देवता प्रतिदिन हमारी वृद्धि के लिए तत्पर रहें।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनिया को वैश्विक खतरों आतंकवाद भ्रष्टाचार और मादक पदार्थ तस्करी से हराने के लिए एक साथ आना समय की मांग है।एक और एक ग्यारह-जब वैश्विक ताकतें आपसी सहयोग विचार करने के लिए मिल जाए तो अपराधी ताकतों की कमर तोड़कर रख सकती है।

# सुरक्षा के साथ मानवता का धर्म निभा रही कांस्टेबल सोनिया



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
बड़वा भिवानी, हरियाणा

फर्ज आखिर फर्ज ही होता है पुलिस की ड्यूटी हो या समाज में फैले तमाम बुराइयों को दूर करने का फर्ज एक पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से निभा सकता है। वो भी महिला पुलिसकर्मी। इसका काबिले गौर उदाहरण बनी है सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। अपनी ड्यूटी के साथ आम जनता की सेवा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होकर अपना कर्तव्य निभा रही है सोनिया जोशी। महिला सिपाही वर्दी के साथ-साथ समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने पुलिस में कठिन और प्रतिकूल स्थितियों में न सिर्फ अपने जीवन को संभाला। बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का विषय बनी। आज वह समाज में अलग-अलग कार्य में सक्रिय हैं। बता दें कि इस मुहिम का झंडा हाथ में लेकर काम आसान नहीं था। ऐसे काम आसान भी नहीं होते सोनिया ने मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता के कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं जो हर किसी के लिए मिसाल है।

जीवन में सबके अपने सपने होते हैं लेकिन उन सपनों को अगर किसी भी माध्यम से देश की सेवा के साथ-साथ किसी गरीब, असहाय के मदद से जोड़ सके तो सोने पर सुहागा, जी हाँ कुछ ऐसा ही कर रही भारत की बेटी सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। ड्यूटी के साथ- साथ एक सिंगर, कवयित्री, गीतकार एक्ट्रेस भी है। सोनिया ÷ हिंदी, गढ़वाली, सॉन्ग्स बहुत ही बेहतरीन तरीके से गाती है। बचपन से ही अपने स्कूल कॉलेज के प्रोग्रामो में भी भाग लेती रही सोनिया जोशी का जन्म 22 अगस्त 1992 को माता श्रीमती मधु जोशी (ग्रहणी) एवं पिता श्री हरीश चंद्र जोशी (रिटायर्ड आईटीबीपी) के घर, ग्राम घानियाल पोस्ट ऑफिस तलवाडी चमोली में हुआ। सोनिया के परिवार में माता-पिता के



अलावा एक छोटी बहिन और एक छोटा भाई भी है। उनका परिवार एक निम्न मध्यम वर्ग से है। परिवार में शुरुआत से ही बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ा परन्तु माता-पिता ने पालन पोषण व पढ़ाई में कोई कमी नही छोड़ी।

सोनिया ने शिक्षा अलग-अलग जगह से प्राप्त की है। पिताजी जब आईटीबीपी मातली उत्तरकाशी में कार्यरत थे तो आठवीं तक की पढ़ाई मातली इंटर कॉलेज में की है और उसके बाद की 10वीं 12वीं की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज तलवाडी से फिर बीएससी राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी से की। उसके बाद देहरादून से बीएड किया। स्कूल टाइम से ही उन्हें गाने का व कविता लिखने का शौक था। स्कूल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर ही उन्हें संगीत में रुचि बढ़ने लगी। खेलकूद में भी हमेशा आगे ही रही। 100 मीटर रेस व हाई जंप में प्रतिभाग किया है।

स्कूल कॉलेज का मान हमेशा बढ़ाया बस हार कभी नहीं मानी। वर्दी पहनने के बाद वह अपनी कविता और अपने गानों के माध्यम से भी जनता की सेवा कर रही है। समाज मे फैली कई बुराइयों, संकीर्ण भावनाओं को दूर करने के लिए भावों, विचारों को अपनी कविता और अपने गीतों के माध्यम से समाज में रखने का समय-समय पर प्रयास करती है। परिवार एवं मित्रों के सहयोग से ड्यूटी के दौरान समय निकाल कर गीत रिकॉर्ड करती है। समाज में फैली बुराइयों जैसे भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्य ऐसी कई गीतों पर स्वयं अभिनय भी कर चुकी है। इनके गीतों को लोगो ने बहुत सहराया है। तेरी मिट्टी गीत गा कर इन्हे एक राष्ट्रीय पहचान मिली। जिसे एक दिन में 40 लाख लोगों ने पसंद किया और एक हफ्ते में 1 करोड़ लोगों ने पसंद किया। फिर तू कितनी अच्छी है गीत भी लोगों बहुत पसंद किया। जिसे अभी तक 40लाख लोगों ने पसंद किया है। देश के जवानों को समर्पित गीत, मेरा एक सलाम, और महिला सशक्तिकरण पर भी हौसला गीत काफी सराहे गए है।

सोनिया बताती है कि परिवार का साथ और मित्रों का सपोर्ट उन्हें निरंतर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। आगे चलकर वो उत्तराखण्ड संगीत जगत को देश और दुनिया के बीच जो-शोर से पहुँचाना चाहती है। और समाज में अपने गीतों के माध्यम से कुरुतियों पर चोट करके जनता को जागरूक करना चाहती है। उनका मानना हैं कि मनुष्य भावनाओं से जुडा होता है और अगर आपको समाज को बदलना है तो संगीत में बहुत ताकत होती है। इनके कुछ हिट गाने (तू हौसला रख), (पुकार), (तुमको नमन), सुरकंडा भवानी भजन, इक सलाम देशभक्ति, हौसला है सोनिया को बैटमिंटन खेलना, सिनिंग और गाना व कविता लिखना पसंद है। साथ ही खाने मे अलग-अलग डिसेस बनाकर खिलाने का शौक रखती है। खाली समय में उन्हें कविताएं लिखना, मूवीज देखना और भजन सुनना पसंद है।

फर्ज आखिर फर्ज ही होता है पुलिस की ड्यूटी हो या समाज में फैले तमाम बुराइयों को दूर करने का फर्ज एक पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से निभा सकता है। वो भी महिला पुलिसकर्मी। इसका काबिले गौर उदाहरण बनी है सोनिया जोशी जो अभी उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। अपनी ड्यूटी के साथ आम जनता की सेवा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होकर अपना कर्तव्य निभा रही है सोनिया जोशी। महिला सिपाही वर्दी के साथ-साथ समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने पुलिस में कठिन और प्रतिकूल स्थितियों में न सिर्फ अपने जीवन को संभाला। बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का विषय बनी। आज वह समाज में अलग-अलग कार्य में सक्रिय हैं। बता दें कि इस मुहिम का झंडा हाथ में लेकर काम आसान नहीं था। ऐसे काम आसान भी नहीं होते सोनिया ने मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता के कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं जो हर किसी के लिए मिसाल है।

## आचार्य बालकृष्णः वैश्विक शोधकर्ता वैज्ञानिक!

कैसी विडंबना है कि विश्व की भुखमरी सूची में भारत का स्थान 107 वां है याने दुनिया के 106 देशों से भी ज्यादा भुखमरी भारत में है और दूसरी तरफ हमें गर्व करने की यह खबर आई है कि विश्व की चिकित्सा पद्धतियों में भारत के आयुर्वेद को पहली बार अग्रणी सम्मान मिला है। यह सम्मान दिया है, अमेरिका की स्टेनफोर्ड युनिवर्सिटी और यूरोपीय पब्लिशर्स एल्सेवियर ने! यह सम्मान मिला है, पंतजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को! विश्व के प्रतिष्ठित शोधकर्त्ता वैज्ञानिकों की श्रेणी में अब उनकी गणना हो गई है।

यह अकेले आचार्य बालकृष्ण का ही सम्मान नहीं है। यह भारत की प्राचीन और परिणाम सिद्ध चिकित्सा-प्रणाली को मिली वैश्विक मान्यता है। स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने देश के करोड़ों लोगों के लिए उत्तम और सुलभ औषधियों का बड़े पैमाने पर निर्माण ही नहीं किया है बल्कि उन्होंने ऐसे बुनियादी अनुसंधान भी किए हैं, जो आयुर्वेद को एलोपेथी से भी अधिक प्रभावशाली और उपयोगी बना देते हैं।

ऐसे कुछ शोध-ग्रंथों का विमोचन कुछ वर्ष पहले मैंने और श्री नितीन गडकरी ने हरिद्वार के एक बड़े समारोह में किया था। अपने भाषण में उस समय मैंने कहा था कि शंहशाहों द्वारा बनाए गए महल और किले तो 5-7 सौ साल में ढेर हो जाएंगे लेकिन बालकृष्णजी के ये ग्रंथ चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि के ग्रंथों की तरह हजारों साल तक मानवता की सेवा करते रहेंगे। यदि भारत पर विदेशी आक्रमण नहीं होते तो हमारा आयुर्वेद आज दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपचार तंत्र बन जाता।

सौ साल पहले तक ऐलोपेथी के डाक्टरों को यह पता ही नहीं था कि आपरेशन के पहले मरीजों को बेहोश कैसे किया जाए? हमारे यहां हजारों साल पहले से चरक-संहिता में इसका विस्तृत विधान है। ऐलोपेथी कुछ वर्षों तक सिर्फ शरीर का इलाज करती थी लेकिन आयुर्वेद का वैद्य जब दवाई देता है तो वह मरीज़ के शरीर, मन, मस्तिष्क और आत्मा का भी ख्याल करता है।

अब ऐलोपेथी भी धीरे-धीरे इस रास्ते पर आ रही है। आयुर्वेद का नाड़ी-विज्ञान आज भी इतना गजब का है कि दिल्ली के स्व. बृहस्पतिदेव त्रिगुणा जैसे वैद्य मरीज़ की सिर्फ नाड़ी देखकर ऐसा विलक्षण रोग-विश्लेषण कर देते थे कि जैसा ऐलोपेथी के आठ यंत्र भी एक साथ नहीं कर सकते हैं। आज सारी दुनिया में ऐलोपेथी लोगों का जितना भला कर रही है, उससे ज्यादा वह उनकी ठगी कर रही है।

भारत के करोड़ों गरीब लोगों को उसकी सुविधा नसीब ही नहीं है। भारत में आयुर्वेद, यूनानी, तिब्बती और होम्योपेथी (घरेलू इलाज) का अनुसंधान बढ़ जाए और आधुनिकीकरण हो जाए तो देश के निर्धन और वंचित लोगों का सबसे अधिक लाभ होगा। हमारे पड़ौसी देशों के लोग भी भारत दौड़े चले आएंगे। भारत के पड़ौसी देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का यह सर्वोत्तम साधन है। भारत के वैद्य जिसकी जान बचा देंगे, वह भारत का भक्त हुए बिना नहीं रहेगा।

**-वेद प्रताप वैदिक-**

# बहू को बेटी सा प्यार देकर बुढ़ापा सुरक्षित कर लीजिए



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

बूढ़े माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा बेटा नहीं..एक अच्छी संस्कारी बहु होती है। हर माँ-बाप को बेटे की शादी के लिए मन में चिंता रहती है। आजकल बेटी के लिए अच्छा ससुराल देखना जितना जरूरी है; उतना ही बेटे के लिए संस्कारी और सुलझी हुई लड़की बहू के रुप में ढूँढना भी जरूरी है। ज़ाहिर सी बात है एक गलत फैसला पूरे परिवार को तबाह कर सकता है।

आजकल लगभग हर दंपत्ति का इकलौता बेटा ही होता है। पहले के ज़माने की बात अलग थी तीन-चार बेटे होते थे, उसमें से एक दो बहूएँ अच्छी नहीं निकली तो इतने में से कोई एक तो समझदार होती थी जो घर परिवार और बड़े बुज़ुर्गों का ख़याल रखती थी।

अब तो एक ही बेटे की एक ही बहू से उम्मीद लगानी पड़ती है। अच्छी, संस्कारी, समझदार निकली तो ठीक है वरना जैसा नसीब।

कहने का मतलब यह है कि बेटा चाहे कितना भी अच्छा हो पूरा दिन तो काम काज की वजह से घर पर नहीं रहता। घर पर रहती है बहू, परिवार संभालना होता है बहू को, सास-ससुर की सेवा करेगी बहू तो हुई न बुढ़ापे का सहारा बहू। माँ-बाप को हर लड़की को ये संस्कार देने चाहिए की परिवार को संभालकर रखें और बड़े बुज़ुर्गों की सेवा करें। साथ में हर सास-ससुर को अपनी बहू को बेटी समझकर मान, सम्मान से रखना चाहिए। प्रेम दोगे तो पाओगे। बाकी बहू को अपने परिवार का हिस्सा न समझते परायों सा व्यवहार करेंगे तो बहू के मन में भी आपके प्रति अपनेपन का भाव कभी नहीं आएगा।

÷बहू ही घर का आधार स्तंभ होती है, ये बात हर सास-ससुर को अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए÷। हर सास को बेटे की शादी होते ही बहू को अपने घर के रीत-रिवाज़ और परंपरा समझा देने के बाद कुर्सी खाली कर देनी चाहिए। बहू पर पूरा भरोसा करते बेटे और घर की बागडोर बहू को थमा देनी चाहिए। बहू को ससुराल अपना खुद का घर लगना चाहिए, तभी परिवार को अपनाकर खुशी खुशी सारी ज़िम्मेदारियाँ उठाएगी। खुद की बेटी आठ बजे तक सोती है तो हमें अच्छा लगता है, आहिस्ता से दरवाज़ा बंद करके सोने देते है। उससे उल्टा अगर बहू कभी देर तक सोती रहे तो आफ़त आ जाती है। यही मानसिकता बदलने की जरूरत है। अरे सोने दीजिए न बेचारी को; दो काम आप खुद कर लेंगे तो एक्सरसाइज़ हो जाएगी। पर ना बहू के लिए एक दायरा तय कर दिया जाता है नियमों का जिसे लाँघने की बहू को अनुमति नहीं होती।

अक्सर देखा जाता है बहूओं से ससुराल में परायों सा व्यवहार ही होता है। पराये घर से आई पराई लड़की। हर छोटी-बड़ी बात बहू से छुपाकर की जाती है। बेटी को कुछ देना होता है तो सासु माँ बहू से छुपाकर देती है। क्यूँ ऐसी मानसिकता रखनी है? बहू को भी बेटी समझकर जो चीज़ बेटी के लिए लेते हो वही बहू के लिए भी लीजिये और दोनों को साथ में दीजिए। तभी बहू को सास पर अपनी माँ के जैसा प्यार आएगा। बाकी पूरी ज़िंदगी बहू को पराई समझकर सितम ढ़ाने के बाद ये उम्मीद रखना कि बहू उम्र के आख़री पड़ाव में खुशी-खुशी आपकी सेवा करें ये गलत बात है। बहू भी किसीके जिगर का टुकड़ा है, प्यारी सी गुड़िया पर प्यार क्यूँ नहीं आता ससुराल वालों को? एक बार दिल से अपनाकर तो देखिए। बहू को ही बेटी मानकर चलिए घर का वातावरण सुखमय रहेगा और बुढ़ापा सुरक्षित।

# सुप्रीम कोर्ट की पहल

भारत कानूनी रूप से महिला अधिकारों को लेकर दुनिया के तमाम देशों से आगे रहा है, जिसे समय समय पर आने वाले शीर्ष अदालत के फैसलों ने संबल दिया । एक हालिया फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के अपने शरीर पर अधिकार की अवधारणा को एक बार फिर स्थापित ही किया है । निश्चय ही इस फैसले के आलोक में भविष्य में महिला अधिकारों को पुख्ता करने में मदद मिलेगी । दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गर्भ का चिकित्सीय समापन यानि एमटीपी अधिनियम के तहत विवाहिताओं के साथ ही अविवाहित महिलाओं को गर्भावस्था के 24 माह तक सुरक्षित व कानूनी रूप से गर्भपात का अधिकार दिया है । कोर्ट की दलील थी कि महिलाओं के साथ विवाहित व अविवाहित होने के आधार पर किसी तरह का भेदभाव संवैधानिक रूप से तार्किक नहीं कहा जा सकता। वहीं इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि बलात्कार के अपराध की व्याख्या में वैवाहिक बलात्कार को भी शामिल किया जाये जिससे एमटीपी अधिनियम का मकसद पूरा हो सके। दरअसल, बदलते वक्त के साथ भारतीय समाज में रिश्तों के स्वरूप में आ रहे बदलावों व महिला अधिकारों के विस्तार के नजरिये से कोर्ट ने अधिनियम के मकसद को परिभाषित किया है। निस्संदेह, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ के ताजा फैसले ने महिला सशक्तीकरण की अवधारणा को ही संबल दिया है । साथ हो स्पष्ट किया कि महिला के शरीर पर पहला हक स्त्री का है, जिसको विवाहित व अविवाहित होने के चलते किसी अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता । उल्लेखनीय है कि एमटीपी अधिनियम के तहत गर्भपात के जिन नियमों का उल्लेख है शीर्ष अदालत ने उन्हें अधिक स्पष्टता दी है । जिसका संदेश यह भी कि नये दौर के भारत में स्त्री को अपनी देह से जुड़े फैसलों को लेने का पूरा हक है । वह बात अलग है कि देश के एक बड़े तबके में अभी यह प्रगतिशील सोच विकसित नहीं हो पायी है । निस्संदेह, पुरुष वर्चस्व वाले समाज में स्थितियां आज भी काफी जटिल हैं जिसके मूल में अशिक्षा व गरीबी की बड़ी भूमिका रही है ।

यह वजह है कि शीर्ष अदालत के तमाम प्रगतिशील फैसले व्यवहार में उतने प्रभावकारी नहीं हो पाते । यदि देश में पुख्ता कानून सामाजिक बदलाव के वाहक नहीं बनते तो उन्हें क्रियान्वित करने वाली एजेन्सियों की कारगुजारियों का मूल्यांकन करना समय की जरूरत है । साथ ही लोगों की सोच बदलने के लिये रचनात्मक पहल करने की जरूरत भी । जिससे महिलाओं से जुड़े कानूनों का वास्तविक लाभ उन्हें मिल सके । तभी महिलाओं की सुरक्षा को हकीकत बनाया जा सकेगा । उन्हें बताना होगा कि उनकी सहमति के विशिष्ट मायने हैं ताकि वे किसी भी तरह की ज्यादती का प्रतिरोध कर सकें । उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत का हालिया फैसला एक पच्चीस वर्षीय अविवाहिता की याचिका पर आया, जिसे उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने पर राहत नहीं मिल सकी थी । जिसके बाद वह शीर्ष अदालत पहुंची, इस मामले के आलोक में कोर्ट की नयी व्याख्या सामने आई । जिसके बारे में तीन सदस्यीय पीठ की स्पष्ट राय थी कि किसी महिला को यह अधिकार न देना उसकी अस्मिता से खिलवाड़ ही है । निस्संदेह, जब अमेरिका समेत तमाम विकसित देशों में भी महिलाओं को गर्भपात से जुड़े पर्याप्त अधिकार नहीं मिल पाये हैं, भारतीय न्यायिक व्यवस्था की प्रगतिशीलता हमें शेष दुनिया से आगे रखती है ।

**-अजय दीक्षित-**

## परंपरा निभाते हैं



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़,छत्तीसगढ़

अच्छा चलो ठीक है,सामाजिक परंपरा,
रीति रिवाजों के नाम पर
फिर से खुलकर खर्चा करते हैं,
वहीं सब कुछ फिर से कर गुजरते
हैं,रिश्ते नाते,गांव,समाज,
सबको बुलाते हैं,
अपनी आर्थिक स्थिति को
शान से आजमाते हैं,
हलवा, पूरी, छप्पन भोग बनवाते हैं,
सबको बुलाते हैं,
दुख का मौका है बोल बोल
हंस हंस कर सबको खिलाते हैं,
पीते हैं, पिलाते हैं,
गलत परंपराओं को ढो-ढो
गरीबों का बेडागर्क कर जाते हैं,
क्या बात है भई, क्या बात है,
कभी छठी, कभी दशगात्र,
कभी पितृपक्ष का नाम लेकर
प्राचीन बकवास कामों को
परंपरा का नाम दे आगे बढ़ाते हैं,
आगे बढ़ाते हैं।

## मैं मैं और मैं



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

मैं मैं में ही अटका रहा
मन में मेरे खटका रहा!
स्वाद ले ना सका कोई
पका आम मैं लटका रहा!
हलाल हो गई ख्वाहिशें
कसाई की दुकान पर
आने वाले बकरों की तरह
मेरा भी झटका हुआ!
भरा था तो बुझाई प्यास
सबके मन में अटका रहा!
खाली हो जब टूटा मैं
फेंको इसे खटका हुआ!
सुख शांति की तलाश में
फिरा गली-गली मैं बेचारा
किसी ने कहां आवारा पागल
किसी ने त्रिशंकु लटका कहा!

## जगमग हो संसार



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

आया दीवाली का, शुभ त्यौहार।
दीप जलाते मिलकर, घर अरु द्वार।।
जगमग रोशन होता, है संसार।
प्रेम बाँटते सारे, जी परिवार।।
धरती में आये हैं, प्रभु श्री राम।
दोनों हाथों जोड़े, लेते नाम।।
जपते माला प्रतिदिन, प्रातः शाम।
मिटते संकट सब का, बनते काम।।
सच्चे मन से पूजा, करते लोग।
निकट नहीं आते हैं, मिटते रोग।।
बच्चें बूढ़े करते, माला जाप।
सच्ची सेवा से हर,कटते पाप।।
रावण का बढ़ता जब, अत्याचार।
राम लला हाथों ने, कर संहार।।
लगे निशाना उनके, बोड्डी बाण।
तड़प तड़प रावण भी, त्यागे प्राण।।
अच्छाई की होती, हरदम जीत।
बढ़े हौसला मन में, बढ़ती प्रीत।।
राम लखन सीता माँ, आये द्वार।
गाँव वासियों द्वारा, अर्पित हार।।
आओ बच्चों मिलकर, करे प्रणाम।
बनना इस कलयुग में, तुम भी राम।।
उज्वल होगा तब जी, भारत देश।
मिट जाएगा संकट, सारा क्लेश।।

## उदात्त.तेरा जीवन है!



**निखिल रस्तोगी**
सिविल लाइंस
बरेली उत्तर प्रदेश

ओ सांध्य के दीपक बता
जलती भोर क्यों उदास है
तोड़ दे तटबंध सारे
जीवन तेरा उदात्त है।
छटपटा के वह चली
निर्झरणी पथ खोजती
पथ स्वयं को बना रहा
जाग तुझमे प्यास है।
अब जल रहा मार्तंड भी
ज्वालाएं कंपित हो रही
स्वयं को समिधा बना
क्यों भला तू उदास है।
नीरव निशा आंचल खोलती
मानो मौन में ही बोलती
स्वयं को ही दीप्त कर
देख तुझमें आग है।
मत भूल तू दिगंत है
प्रयास का नहीं अंत है
गगन के जब भाल पर
नक्षत्र कितने ज्वलंत है।
कौन मिटता है यहाँ
जीवन तो मात्र धूल है
फिर मिटा और फिर बना
हर कण में तू ही व्याप्त है।
ओ सांध्य के दीपक बता
फिर जलती भोर क्यों उदास है
तोड़ सकता है तटबंध सारे
क्योंकि जीवन तेरा उदात्त है।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# मोटी रकम लेकर शासकीय भूमि पर स्थगन देने का आरोप एसडीएम सूरजपुर रवि सिंह पर

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** मामला अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह के द्वारा मोटी रकम लेकर शासकीय भूमि पर स्थगन देने के संबंध में डीके सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दिनांक 29 सितंबर 2022 को एक शिकायत आवेदन आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में उपायुक्त ने 11 अक्टूबर को कलेक्टर सूरजपुर को शीघ्र जांच कराकर जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

ग्राम सिलसिले में स्थित भूमि खसरा नंबर 749 रकबा 0.77 हेक्टेयर को वर्ष 2012-13 में सार्वजनिक कार्य हेतु ग्राम पंचायत एवं ग्राम वासियों को सामुदायिक वन अधिकार के तहत राजस्व प्रकरण क्रमांक 3594/अ19(1)-2012-13 के तहत पट्टा प्रदान किया गया था। तब से उक्त भूमि ग्राम पंचायत सिलफिली एवं ग्राम वासियों द्वारा सार्वजनिक कार्य हेतु उपयोग एवं उपभोग किया जा रहा है।

ग्राम सिलफिली भूमि खसरा नंबर 749 रकबा 0.77 हेक्टेयर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा था उक्त कार्य शासकीय कार्य है तथा शासन के द्वारा कार्य हेतु राशि आवंटित है जिसे ठेके पर देकर ग्राम पंचायतों के लोगों के उपयोग में आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा था जिस पर ग्राम सिलफिली निवासी विदुर चंद्र पिता स्व0 अभिमन्यु के द्वारा एक आवेदन तहसीलदार लटोरी सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत कर ग्राम सिलफिली स्थित भूमि खसरा नंबर 749 रकबा 0.77 हेक्टेयर पर निर्माण कार्य पर स्थगन लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके आधार पर तहसीलदार के यहां प्रस्तुत आवेदन को सूरजपुर के अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह, विदुर चंद्र से मोटी रकम लेकर दिनांक 4/7/2022 को पंजीबद्ध करते हुए बिना किसी पक्ष सुने एवं विदुर चंद्र से बिना कोई दस्तावेज प्राप्त किए सार्वजनिक एवं ग्राम पंचायत के उपयोग हेतु सुरक्षित भूमि खसरा नंबर 749 में दिनांक 4/7/2022 को स्थगन को आदेश जारी करते हुए



निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया।

### बिना किसी दस्तावेज का दिया गया स्थगन

अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह के द्वारा जो स्थगन आदेश जारी किया गया है वह किस प्रावधान के तहत किया गया है का उल्लेख नहीं है और ना ही विदुर चंद्र के द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कहीं पर उल्लेख किया गया है। जबकि विदुर चंद्र द्वारा स्थगन हेतु आवेदन तहसीलदार को किया गया था जिस पर तहसीलदार के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई और उक्त आवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह द्वारा किस आधार पर संज्ञान लेकर विदुर चंद्र से भूमि के संबंध में बिना किसी दस्तावेज लिए स्थगन जारी किया गया यह संदेहास्पद है।तथा रवि सिंह के कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह है।

### सरपंच द्वारा स्थगन को निरस्त करने का आवेदन प्रस्तुत

अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह द्वारा विदुर चंद्र से मोटी रकम लिया गया है जिसके कारण ग्राम पंचायत सिलफिली के सरपंच द्वारा स्थगन को निरस्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन एवं शीघ्र सुनवाई के आवेदन पर तत्काल कोई कार्यवाही नहीं की गई और उसमें पेशी तिथि बढ़ाई जा रही है जिससे भी यह प्रमाणित है कि रवि सिंह अनुविभागीय अधिकारी विदुर चंद्र से मोटी रकम लेकर सार्वजनिक कार्य हेतु सुरक्षित भूमि पर जारी किया गया है। उपरोक्त तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर के न्यायालय में विदुर चंद्र पिता स्व0 अभिमन्यु के प्रकरण के संबंध में 4 जुलाई 2022 से दिनांक 15 सितंबर 2022 के आदेश पत्र की कॉपी, विदुर चंद्र के द्वारा तहसीलदार लटोरी को प्रस्तुत आवेदन की प्रति तथा अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह के द्वारा जारी स्थगन आदेश 4 जुलाई 2022 के प्रति तथा सरपंच ग्राम पंचायत सिलफिली के द्वारा 12 सितंबर 2022 को प्रस्तुत शीघ्र सुनवाई का आवेदन एवं आवेदन निरस्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति के साथ कमिश्नर सरगुजा को शिकायत की गई जिस पर कमिश्नर सरगुजा के द्वारा उक्त शिकायत की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर 2022 को कलेक्टर सूरजपुर को पत्र लिखते हुए उल्लेखित तथ्यों कि शीघ्र जांच कराकर जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

## »आयुक्त सरगुजा संभाग ने कलेक्टर सूरजपुर को कार्रवाई का दिया आदेश

## जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु समिति का पुनर्गठन किया गया

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री जे.आर. नागवंशी ने बताया है कि जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का प्रभारी अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर अम्बिकापुर श्री भागीरथी खाण्डे को बनाया गया है।ज्ञातव्य है कि जिले के अनसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति गठित की गई है।

# पुलिस ने किया नशीली दवा व गांजा का नष्टीकरण

**» पावर प्लांट में किया गया 47 क्विंटल से अधिक गांजा सहित अन्य नशीले वस्तुओं का नष्टीकरण**

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** सरगुजा रेंज में जब्त 47 क्विंटल 33 किलो गांजे सहित अन्य नशीली पदार्थों को पावर प्लांट के बायलर में डालकर बिजली का उत्पादन किया गया। जिससे करीब 4 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने का अनुमान है। रेंज में ऐसा पहली बार हुआ कि गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया हो। बाजार मूल्य के हिसाब से लगभग 12 से 15 करोड़ रुपये का मादक पदार्थों को नष्टीकरण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा अजय कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नशीली वस्तुओं को नष्ट किया गया जिससे की बिजली का उत्पादन हुआ है।

आईजी अजय कुमार यादव ने कहा कि सरगुजा रेंज के जिलों के द्वारा अभियान चलाकर नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर नशीली पदार्थ गांजा, बाराउन शुगर, सिरप, कैप्सूल, अफीम, इंजेक्शन, टेबलेट जप्त की गई थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए नशे के जखीरे का नष्टीकरण किया गया। अभियान के तहत सरगुजा रेंज में 201 प्रकरणों में 47 क्वींटल 33 किलो गांजा, 30.44 ग्राम बाराउन शुगर, 2390 नग सिरप, 13376 नग कैप्सूल, 350 ग्राम अफीम, 1432 नग इंजेक्शन, 3971 नग टेबलेट का नष्टीकरण इंदिरा पावर जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर में किया गया। नष्टीकरण के दौरान जलाए गए गांजे से बिजली का उत्पादन भी हुआ है।



### हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देख-रेख में हुआ नष्टीकरण

आईजी सरगुजा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने नशीले पदार्थों के नष्टीकरण को लेकर सारे इंतेजामों को पहले से ही दुरूस्त करा रखा था। सरगुजा रेंज के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अच्छी कार्रवाई की गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए रेंज स्तर पर 3 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी बनाई गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष आईजी सरगुजा श्री अजय कुमार यादव, सदस्य पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री त्रिलोक बंसल की उपस्थिति में बुधवार, 19 अक्टूबर 2022 को किया गया। कप सिरप की शिशियों और टेबलेट्स को जलाकर नष्ट किया गया और फिर जमीन पर गड्ढा खोदकर उसे मिट्टी से पाट दिया गया। इस दौरान प्लांट के जीएम प्रदीप शुक्ला, आईजी ऑफिस के रीडर लाल साय पैकरा, सुभाष ठाकुर, पीताम्बर विश्वास, विकास सिंह,थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र कुर्रे, निरीक्षक जावेद मियादाद सहित सरगुजा रेंज के कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# माफियाओं को खुली छूट दे रखी है कांग्रेस सरकार:विश्व विजय सिंह तोमर

**» छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार के विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन**

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ में अधिकारियों के घर पड़ रहे ईडी के छापे में निकल रहे करोड़ों रुपए एवं अकूत संपत्ति छत्तीसगढ़ के जनता की लूट की गवाही देता है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ईडी के छापे का विरोध कर रहे हैं उससे इस भ्रष्टाचार में उनकी सहभागिता उजागर होती है। छत्तीसगढ़ की जनता के इस भयानक लूट के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल ने जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर एवं मंडल अध्यक्ष दिगंबर यादव के नेतृत्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकेश्वर रजवाड़े की विशेष उपस्थिति में राइस मिल चौक, भिट्ठीकला में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। हर क्षेत्र में माफियाराज है और इन माफियाओं को सरकार की खुली छूट मिली हुई है। छत्तीसगढ़ की जनता को इस तरह से लूटना ही कांग्रेस का असली चरित्र है।




पुतला दहन कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिगंबर यादव, जय सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष डोमन राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, प्रकाश राम गड़वारी, युवा मोर्चा महामंत्री आदित्य सिंह, विनय ठाकुर, छविराम रजवाड़े, रोहित मिंज, भानु यादव, प्रेम दास, पंकज रजवाड़े, निक्कू राजवाड़े, अमित मानिकपुरी, राजन राजवाड़े आदि उपस्थित थे।

# खरीददारी के दौरान तीन महिलाओं ने डेढ़ लाख के सोने की लॉकेट किया पार

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स दुकान में तीन महिलाओं ने खरीदारी करने के बहाने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी दुकान संचालक को कुछ देर बाद पता चला। दुकान संचालक की शिकायत पर एएसपी व गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। फिलहाल गांधीनगर पुलिस अज्ञात महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी कुन्दन सोनी का साई मंदिर के पास सोनी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बुधवार की सुबह करीब 11.30 बजे तीन महिलाएं सोने की लौकेट खरीदने के नाम पर दुकान में आई। महिलाओं के कहने पर दुकान संचालक लौकेट दिखाने लगा। इस दौरान महिलाएं कुछ सामान खरीदीं और मौका पाकर तीन सोने की लौकेट चोरी कर निकल गईं। महिलाओं को वापस जाने पर दुकान संचालक जब अपना सामान समेटने लगा तो पता चला की तीन लौकेट गायब है। इसे देख उसके होश उड़ गए। तीन सोने की लौकेट की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। दुकान संचालक ने मामले की जानकारी 3.15 बजे गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर एएसपी विवेक शुक्ला, गांधीनगर टीआई कलिम खान पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। फिलहाल गांधीनगर पुलिस इस मामले में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# अगली सुनवाई तक नहीं की जायेगी कोई पेड़ की कटाई

### अगली सुनवाई 13 नवम्बर के बाद

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** सुप्रीम कोर्ट में हसदेव अरण्य क्षेत्र की राजस्थान विद्युत् निगम को आवंटित खदानों की वन अनुमति को चुनौती देने वाले मामले में राजस्थान विद्युत् निगम और सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगली सुनवाई तक कोई पेड़ कटाई नहीं की जायेगी। इस कथन के बाद कोर्ट ने सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने का निवेदन स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आईसीएॅफ़आरई द्वारा केंद्र सरकार को प्रस्तुत सारी रिपोर्ट्स अगली सुनवाई तक प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।



आईसीएॅफ़आरई की रिपोर्ट दो भाग में है जिसमे भाग दो डब्लूआईआई द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट है जो वन्य प्राणी आदि प्रश्नो पर प्राथमिकता से राय देती है। आज यह रिपोर्ट्स प्रस्तुत ना हो पाने के कारण केंद्र सरकार की और से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले में समय की मांग की और कहा की इसकी सुनवाई दिवाली की छुट्टी के बाद की जाए और संभव हो तो सुनवाई 13 नवंबर के बाद की जाए। प्रकरण में एनजीटी के समक्ष याचिकाकर्ता रहे और सुप्रीम कोर्ट में प्रतिवादी नंबर एक सुदीप श्रीवास्तव की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण और अधिवक्ता नेहा राठी ने कहा सुनवाई बढ़ने में आपत्ति नहीं है परन्तु राजस्थान विद्युत् उत्पादन निगम और सरकार के द्वारा आगे कोई पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए।

### अधिवक्ता डीके सोनी की लगी है जनहित याचिका

इस प्रकरण के साथ ही अंबिकापुर निवासी अधिवक्ता डीके सोनी की एक जनहित याचिका भी सुनवाई के लिए साथ लगी है जिसमे राजस्थान विद्युत् उत्पादन निगम द्वारा अडानी कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम बना कर सभी खदान अडानी के हवाले कर देने को चुनौती दी गई है। गौरतलब है की उक्त अनुबंध सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2014 के फैसले में ही अवैध घोषित हो चूका है और इस कारण राजस्थान का कोल ब्लॉक भी उस समय रद्द हुआ था। बाद में केंद्र सरकार ने नया कानून बना कर कोल ब्लॉक पुनः आवंटित किये परन्तु इसी कानून में 26त्न से अधिक शेयर निजी कंपनी को होने या खदान से उपजित किसी भी हित को निजी कंपनी को ट्रांसफर करने पर प्रतिबन्ध है. साथ ही इस अनुबंध के कारण राजस्थान विद्युत् उत्पादन निगम को अपना ही कोयला अडानी से खरीदना पद रहा है और वह भी कोल इंडिया से भी महंगे दरों पर इसके कारण राजस्थान के उपभोक्ताओं को बिजली भी मंहगी पड़ रही है। इस ममम्ले में 13 सितंबर की सुनवाई में कोयला मंत्रालय को भी नोटिस जारी हुआ था परन्तु उसकी ओर से अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है।

## एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

# नगर मंत्री बने यश राज सिंह

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद अम्बिकापुर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी घोषणा में प्रमुख रूप से प्रांत सहसंगठन मंत्री महेश प्रसाद, विभाग संयोजक सूर्यकांत सिंह, जिला संयोजक उज्ज्वल तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल नागवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रांत सहसंगठन मंत्री महेश प्रसाद ने कहा विद्यार्थी परिषद लगातार शिक्षा और समाज से जुड़े विषय को उठाते रहती है। विद्यार्थी परिषद में छात्रों की भूमिका अहम है। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें नगरमंत्री यश राज सिंह, नगर अध्यक्ष अजय पाल, नगर सहमंत्री मुस्कान सिंह, आर्यन गुप्ता, रोहन मण्डल और योगेश सिंह, कार्यालय मंत्री, गोपाल सिंह कोषाध्यक्ष, सौन्दर्य सिंह थापा सोशल मीडिया प्रमुख, आकांक्षा श्रीवास्तव नगर कलामंच प्रमुख, मनोज चौधरी महाविद्यालय प्रमुख, राज गर्ग विद्यालय प्रमुख, प्रदीप तिग्गा छात्रावास प्रमुख, सृजन सिन्हा नगर तकनीकी प्रमुख, राकेश गुप्ता नगर एनएसएस प्रमुख, रामप्रकाश ठाकुर नगर एनसीसी प्रमुख, आकांक्षा सिंह एसएफडी प्रमुख, प्रियांशु सोनी एसएफएस प्रमुख, अभिषेक जयसवाल क्रीडा प्रमुख, नगर कार्यकारणी सदस्य संतोषी पैकरा, अंश पांडेय, शक्र आदित्य पांडेय, सत्यम विश्वकर्मा, विशाल सिंह, तलाश कुमार, सुजल अग्रवाल, अमन प्रजापति, सुभांश कुमार सोनी, वीर सिंह शामिल हैं।



# सरगुजा पुलिस द्वारा आई मंथन योजना अंतर्गत पुलिस मितान का चयन,समर्पण अभियान का किया गया आयोजन

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।.** पुलिस को-आर्डिनेशन सेंटर में 23 चयनित पुलिस मितानों को पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा आई कार्ड प्रदान कर सरगुजा पुलिस के सामाजिक कार्यक्रमों में जुडने् हेतु औपचारिक शुभारंभ किया गया।

समर्पण अभियान के तहत पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर में पांच वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से उनका कुशलक्षेम जाना गया एवं किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सरगुजा पुलिस द्वारा समय-समय पर मदद करने की बात कहीं गई एवं समस्या का निराकरण ना होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर स्वयं उपस्थित होकर अपनी परेशानी साझा करने हेतु जानकारी दी गई। समर्पण अभियान के तहत सरगुजा जिले के कुल 200 नागरिकों को सरगुजा पुलिस अपनी सेवाएं प्रदान करेगी।

सरगुजा पुलिस को पुलिस मितान हेतु जिले और आस पास के क्षेत्रों से लगभग 453 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिस पर चयन समिति द्वारा 23 उम्मीदवारों का चयन किया गया था। सभी उम्मीदवारों का पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में चयन समिति के सदस्यों द्वारा उम्मीदवारों से पुलिस मितान के सम्बन्ध में कार्य करने की विशेष क्षमता और कार्यक्षेत्र की जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा आई मंथन योजना अंतर्गत चयनित हुए पुलिस मितान के सदस्यों से आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा मे अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सरगुजा पुलिस द्वारा पुलिस मितान का चयन कर सरगुजा पुलिस की विभिन्न सामुदायिक आयोजनों क्रियाकलापों में शहर के युवाओं, युवतियों को सहभागी बनाकर इनोवेशन, पब्लिक लीडरशिप, पब्लिक सर्विस के गुणों को विकसित करने एवं सरगुजा पुलिस कि सामुदायिक पुलिसिंग का हिस्सा बनने हेतु पुलिस मितान चयन किया गया है। पुलिस मितान का चयन एवं समर्पण अभियान के औपचारिक शुभारंभ के पश्चात सरगुजा जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकारों के साथ सरगुजा पुलिस की उपलब्धियों के बारे में पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सरगुजा पुलिस द्वारा वर्ष 2022 में लूट, नकबजनी, जुआ सट्टा, नशीले इंजेक्शन, ब्राउन शुगर के मामलों में अत्यधिक कार्यवाही कर तुलनात्मक जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा समस्त वरिष्ठ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा गया कि पत्रकारिता चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है, एवं निष्पक्ष पत्रकारिता से ही पुलिस को किस क्षेत्र में सुधार करना है इसकी भी जानकारी सतत ग्रुप से प्राप्त होते रहती है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा आगामी धनतेरस एवं दीपावली के त्योहारों को देखते हुए यातायात निर्देशिका जारी किए गए। नए पार्किंग स्थल के संबंध में निगम के साथ बैठक कर कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, एसडीओपी अखिलेश कौशिक, सरगुजा जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, निरीक्षक कलीम खान, निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे उप निरीक्षक रुपेश नारंग, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, उप निरीक्षक अनीता आयाम, रीडर अजीत मिश्रा, अभय सिंह, विवेक शुक्ला, अभिषेक पांडेय एवं पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



# भ्रष्टाचार के मामले में पटवारी को हटाने ग्रामीणों ने ग्राम सभा में किया प्रस्ताव पास

-संवाददाता-

**प्रतापपुर ,19 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** भ्रष्टाचार के मामले में हल्का पटवारी को हटाने विकासखंड प्रतापपुर के डांडकरवा उप तहसील स्थित ग्राम पंचायत बड़वार में ग्रामीणो हल्का पटवारी के खिलाफ 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में प्रस्ताव पास कर हटाने की बात कही है ग्रामीणों द्वारा इस बाबत सूरजपुर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन भी दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है

प्रतापपुर तहसील व डांडकरवां उपतहसील के गांव बडवार मे पदस्थ पटवारी रणधीर पटेल का हलका बदलने के मांग को लेकर 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा गांव वालों का बात नहीं सुनने और भ्रष्टाचार के आरोप पर पटवारी को हटाने विशेष ग्राम सभा में प्रस्ताव पास कर दिया गया और ब्राह्मणों द्वारा इसकी शिकायत सूरजपुर कलेक्टर जनदर्शन में भी किया गया ग्रामीणों ने कहा कि पटवारी द्वारा छोटे-छोटे काम को लेकर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने पटवारी का हलका बदलकर किसी अन्य पटवारी को हलके का प्रभार देने की मांग की बडवार के शाबीर ने बताया कि पटवारी द्वारा किसानों के काम समय पर नहीं किए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि छोटे-छोटे कामों के लिए पैसे की मांग करते हैं जिसका वीडियो भी बनाया गया है जनदर्शन में शिकायत के बाद आखिर पटवारी के ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है समझ से परे है



### मामला सही तो होगी कार्यवाही :प्रतीक जयसवाल

इस संबंध में प्रतापपुर तहसील के तहसीलदार प्रतीक जयसवाल से चर्चा पर उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार की शिकायत मिली है तो गंभीर है निश्चित ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी इस संबंध में पटवारी रणधीर पटेल से भी उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन बंद होने से उनसे संपर्क नहीं हो पाया

CMYK

# बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी,सेंसेक्स 147 अंक और चढ़ा,निफ्टी 17,500 के पार बंद




**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2022।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 146 अंक से अधिक के लाभ में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 146.59 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,107.19 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान, एक समय यह 439.09 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 25.30 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,512.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, डॉ रेड्डीज, इन्फोसिस और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वाल स्ट्रीट मंगलवार को बढ़त में रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 153.40 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# विदेशी बाजारों में रुपया गिरा धड़ाम,डॉलर के मुकाबले बुरी तरह टूटा,पहली बार पहुंचा 83 के पार



**मुंबई, 19 अक्टूबर 2022।** विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 61 पैसे की गिरावट के साथ पहली बार 83 रुपये के स्तर से नीचे चला गया। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चातेल कीमतों में तेजी तथा निवेशकों में जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने से भी रुपये पर असर पड़ा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.32 पर मजबूत खुला।

बाद में रुपये का आरंभिक तेजी जाती रही और कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव 82.40 प्रति डॉलर के मुकाबले 61 पैसे की गिरावट के साथ अबतक के सबसे निचले स्तर 83.01 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 प्रतिशत बढ़कर 112.48 हो गया।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.82 प्रतिशत बढ़कर 90.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इसके अलावा, बीएसई सेंसेक्स 146.59 अंक की तेजी के साथ 59,107.19 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। उन्होंने मंगलवार को 153.40 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

# विश्व बैंक का अनुमान, बाढ़ से हुआ पाकिस्तान को 40 अरब डॉलर का नुकसान

**पाकिस्तान , 19 अक्टूबर 2022।** पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि विश्व बैंक ने इस गर्मी में आई भीषण बाढ़ से दक्षिण एशियाई देश में 40 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान जताया है। यह आंकड़ा पाकिस्तानी सरकार के पहले के अनुमान से 10 अरब डॉलर अधिक है। पाकिस्तान इस समय नकदी संकट के चलते गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। जून के मध्य में भारी बारिश से वहां भीषण बाढ़ आ गई और एक समय में देश का एक तिहाई हिस्सा जलमग्न हो गया।



विश्व बैंक का ताजा आकलन राजधानी इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों के बीच हुई बैठक के दौरान आया। नए अनुमान पर विश्व बैंक की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाढ़ के कारण जून के मध्य से 1,719 लोग मारे गए हैं और 3.3 करोड़ प्रभावित हुए। पानी ने 20 लाख घरों को क्षतिग्रस्त या बहा दिया है। शरीफ सरकार ने पिछले महीने बाढ़ से 30 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान जताया था, लेकिन साथ ही कहा था कि यह आंकड़ा इससे अधिक भी हो सकता है।

विश्व बैंक सहित अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों और ऋण देने वाली संस्थाओं की मदद से नुकसान की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान की सहायता के लिए अपनी अपील को शुरुआती 16 करोड़ डॉलर से पांच गुना बढ़ाकर 81.6करोड़ डॉलर कर दिया है।

# एनसीएलटी ने रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया 31 जनवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2022।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल की कर्ज समाधान प्रक्रिया के लिए समयसीमा 31 जनवरी, 2023 तक बढ़ा दी है। पहले इसकी समयसीमा एक नवंबर, 2022 तक थी। सूत्रों ने कहा कि यह समाधान प्रक्रिया में किया गया तीसरा विस्तार है। इसके पहले भी दो बार समयसीमा बढ़ाई जा चुकी थी। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) के नियमों के मुताबिक,प्रशासक को रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के समाधान की प्रक्रिया मूल रूप से 180 दिनों के भीतर यानी तीन जून, 2022 तक पूरी कर लेनी थी।




लेकिन ऐसा नहीं हो पाने से समयसीमा बढ़ाई जाती रही। इससे पहले रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने 75 करोड़ रुपये की अग्रिम जमा राशि (ईएमडी) के साथ बाध्यकारी बोलियां जमा करने के लिए बोलीदाताओं को 31 अक्टूबर तक का समय दिया था। इस बार समयसीमा में 30 दिनों का विस्तार किया गया था लेकिन बोलीदाता इससे खुश नहीं थे। उनमें से अधिकांश ने दो-चार महीने के विस्तार की मांग की थी। रिलायंस कैपिटल को अपने कई व्यवसायों के लिए 14 गैर-बाध्यकारी बोलियां मिली थीं।

छह कंपनियों ने पूरी कंपनी के लिए बोलियां जमा की थीं, जबकि बाकी बोलीदाताओं ने इसकी कई सहायक कंपनियों के लिए बोलियां जमा की थीं। बोलीदाताओं के पास दो विकल्प हैं। पहले विकल्प के तहत वे पूरी कंपनी के लिए बोलियां जमा कर सकते हैं जबकि दूसरे विकल्प के तहत वे कंपनी के विशिष्ट कार्यक्षेत्रों के लिए बोली लगा सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि टॉरेंट, इंडसइंड बैंक, ओकट्री, कॉस्मिया फाइनेंशियल, ऑथम इन्वेस्टमेंट और बी राइट रियल एस्टेट ने रिलायंस कैपिटल की पूरी संपत्ति के लिए 4,000 करोड़ रुपये से 4,500 करोड़ रुपये की बोली जमा की है।

सूत्रों ने कहा कि रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कारोबार के लिए पीरामल फाइनेंस ने 3,600 करोड़ रुपये की पेशकश की है, जबकि ज्यूरिख इंश्योरेंस की बोली 3,700 करोड़ रुपये की है। एक अन्य बोलीदाता एडवेंट ने 7,000 करोड़ रुपये की पेशकश की है। जिंदल स्टील एंड पावर और यूवीएआरसी ने रिलायंस कैपिटल के एआरसी कारोबार के लिए बोलियां जमा कर दी हैं।

# एक ही बिल पर अलग रेस्टोरेंट में ऑर्डर करना हुआ मुमकिन,पोर्टल वेंडिगो शुरू

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2022।** वेंडिगो की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह स्टार्टअप एक वर्चुअल फूड कोर्ट की तरह काम करेगा जहां पर आकर कोई भी उपभोक्ता अपनी पसंद के अलग-अलग रेस्टोरेंट से खाना एक ही बिल पर ऑर्डर कर सकेंगे



तीन उद्यमियों ने मिलकर एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है जिसके जरिये उपभोक्ता एक ही बिल पर कई रेस्टोरेंट से अपनी पसंद का खाना ऑर्डर दे सकते हैं। वेंडिगो की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह स्टार्टअप एक वर्चुअल फूड कोर्ट की तरह काम करेगा जहां पर आकर कोई भी उपभोक्ता अपनी पसंद के अलग-अलग रेस्टोरेंट से खाना एक ही बिल पर ऑर्डर कर सकेंगे। बाद में वे अपनी सुविधा के हिसाब से खानपान के सामान पिकअप कर पाएंगे।

कंपनी ने कहा कि वेंडिगो के पोर्टल पर जाकर उपभोक्ता ऑर्डर करने के साथ पिक-अप का समय एवं स्थान भी तय कर सकता है। ऑर्डर का भुगतान हो जाने के बाद उपभोक्ता किओस्क बॉक्स नंबर से अपना ऑर्डर उठा सकेंगे। वेंडिगो की स्थापना मनोज देथन, अनीश सुहैल और किरण करुणाकरण ने मिलकर की है। देथन इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर काम कर रहे हैं जबकि सुहैल मुख्य तकनीकी अधिकारी हैं। वहीं करुणाकरन ने इसमें निवेश किया है।

# पटाखों के धुएं से अगर जलने लगती है आंखें,इन घरेलू नुस्खों से मिलेगा आराम

आने वाले दिनों में दिवाली का त्यौहार हैं जिसे देशभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता हैं। जहां इस त्यौहार पर रोशनी और रौनक होती हैं वहीँ पटाखों की धूम भी होती हैं। पटाखें जलाना सभी पसंद करते हैं लेकिन इससे निकलने वाले धुंए की वजह से लोगों को सेहत से जुड़ी कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ता हैं, जिसमें से एक हैं आंखों की जलन। आंखें हमारे शरीर के सबसे नाजुक एवं संवेदनशील अंगों में से एक है, इसलिए इन पर किसी भी चीज का प्रभाव बहुत जल्दी पड़ता है। पटाखें के धुंए से आंखों में जलन या दर्द एक आम समस्या है, लेकिन इसपर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, क्योंकि इसे नजरअंदाज करने पर आंखों की गंभीर समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खें बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आंखों की जलन में आराम मिलेगा। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

### ठंडा पानी


आंखों में जलन और खुजली आदि समस्या होने पर ठंडे पानी से उन्हें धो लेना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आप एक बर्तन में ठंडा पानी लें और उससे आंखों को अच्छी तरह से धोए। इससे आंखों में जमा मिट्टी और धूल निकल जाती है। अगर आंखों में सूजन हो तो इसमें भी ठंडे पानी से आंखों को धोने पर फायदा होता है। इसके अलावा किसी कपड़े में बर्फ रख कर उससे आंखों को सेंक लें। ठंडे पानी में शहद मिला कर भी धोने से आंखों को काफी आराम मिलता है।

### गुलाब जल

आंखों में जलन या दर्द होने पर आप गुलाब जल से अपनी आंखें धोएं और हो सके तो आंखों में गुलाब जल की एक बूंद भी डालें। इससे आपको दर्द से तुरंत राहत मिलेगी। वैसे सोने से पहले रोजाना आंखों में गुलाब जल की 1-2 बूंदें आंखों में डालने की सलाह दी जाती है।

### कैस्टर ऑयल

आंखों से जुड़ी ज्यादातर परेशानियों को आप कैस्टर ऑयल के इस्तेमाल से दूर कर सकते हैं। रूई के एक टुकड़े को कैस्टर ऑयल में डुबोकर हल्के हाथों से निचोड़ लें। इसके बाद इन्हें आंखों पर रखकर लेट जाएं। आप चाहें तो उंगलियों में कैस्टर ऑयल लगाकर हल्के हाथों से मसाज भी कर सकते हैं।



### टी-बैग्स

आंखों में जलन के इलाज के लिए आप ग्रीन टी-बैग्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके उपयोग से पहले आप टी-बैग्स को फ्रिज में ठंडा कर लें और उसके बाद उसे अपनी आंखों पर रखें। इससे आपको आंखों की जलन की समस्या में राहत मिलेगी।

### ठंडा दूध

ठंडे दूध से आंखें साफ करना भी एक कारगर उपाय है। दूध में मौजूद कई तत्व आंखों के संक्रमण और थकान को दूर करने में मददगार होते हैं। आप चाहें तो ठंडे दूध का पैच बना सकते हैं या फिर ठंडे दूध से आंखों पर मसाज कर सकते हैं।

### खीरा

खीरे की तासीर काफी ठंडी होती है और यही कारण है कि गर्मी के दिनों में लोग इसका खूब सेवन करते हैं। पर क्या आपको पता है कि खीरा आंखों की जलन की समस्या से छुटकारा दिलाने में भी लाभदायक है। दरअसल, खीरे का प्रभाव शीतल होता है, इसलिए आंखों की जलन में इससे राहत मिलती है। इसके लिए पहले आप खीरे को फ्रिज में रख कर ठंडा कर दें। फिर उसे काटकर उसके टुकड़े को आंखों पर कुछ देर के लिए लगाएं।

### एलोवेरा

आंखों की समस्या में एलोवेरा भी काफी फायदेमंद होता है। इससे जलन और सूजन में बहुत जल्दी राहत मिलती है। एक से दो चम्मच एलोवेरा जेल लेकर उसे एक कप ठंडे पानी में मिला दें। फिर इसमें कॉटन डुबो कर उसे आंखों पर रखें। दिन में दो से तीन बार यह उपाय करने से आंखों में जलन और सूजन की समस्या खत्म हो जाती है।

### आलू का रस

आलू का रस भी आंखों के लिए अच्छा होता है। जब भी आपको आंखों में दर्द या जलन की समस्या हो तो आलू के ताजे कटे हुए स्लाइस को आंखों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आलू का रस भी आंखों पर लगाया जा सकता है। इससे तुरंत राहत मिलेगी।

# ग्लिटर बनाएगा आपके मेकअप लुक को और भी बेहतरीन,लगाते समय रखें इन बातों का ख्याल

महिलाओं के बीच मेकअप का काफी ज्यादा क्रेज रहता है। अपने लुक को खास बनाने के लिए महिलाएं तरह-तरह के मेकअप करना पसंद करती हैं। महिलाएं हर संभव प्रयास करती हैं कि उनका मेकअप उनके लुक को बेहतर बनाने में मदद करें और इसके लिए आजकल ग्लिटर का इस्तेमाल करना काफी ट्रेन्ड में हैं। ग्लिटर मेकअप आंखों के साथ-साथ चेहरे की सुंदरता में भी चार चांद लगा देता है। लेकिन जरूरी हैं कि यह जाना जाए कि इसका सही इस्तेमाल कैसे किया जाए ताकि आपको परफेक्ट लुक मिल सकें। सही जानकारी होने से ही आप बेहतरीन लुक पा सकेंगी। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेकअप के दौरान किस तरह ग्लिटर का सही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### ग्लिटर चाहिए भी या नहीं

ज्यादातर समय जब जब लोग ग्लिटर यूज कर रहे होते हैं, तो वो स्पार्कली लुक पाने की चाहत रखते हैं। लेकिन अगर ग्लिटर को सही, एकसार न लगाया जाए तो ये शाइनी तो दिखते हैं, लेकिन वैसा कमाल नहीं कर पाते जैसा इन्हें करना चाहिए। इससे अधिक शाइन मेटैलिक आईशैडो यूज करने से मिल जाता है।

### ग्लिटर का चुनाव

अगर आप थीम पार्टी में जा रही हैं तो आई मेकअप के लिए ग्लिटर चुनते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होगा। जैसे- आपकी ड्रेस का कलर क्या है? आईशैडो के कुछ कलर यूनिवर्सल होते हैं। जैसे- ब्लैक, व्हाइट, सिल्वर या गोल्डन। इन्हें आप लगभग हर एक ड्रेस के साथ लगा सकती हैं। यूं तो ग्लिटर आई मेकअप को इवनिंग या नाइट लुक में कैरी करना अच्छा माना जाता है। लेकिन अगर आप पहले से ग्लिटर आउटफिट कैरी कर रही हैं, तो ऐसे में आप ग्लिटर आई मेकअप करना अवॉयड करें। ऐसा करने से आपके लुक में ग्लिटर ओवर हो जाता है और इससे आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है। हालांकि, अगर आपने अपने आउटफिट में सिर्फ ग्लिटर टच दिया है तो ग्लिटर आई मेकअप किया जा सकता है।

### सीधे ना लगाएं ग्लिटर

अगर आप ग्लिटर आई मेकअप कर रही हैं तो आपको इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी ग्लिटर को सीधे आइज पर ना लगाएं। इससे पहले आई प्राइमर या फाउंडेशन लगाना आवश्यक होता है। साथ ही आप ग्लिटर से मैचिंग शेड के आईशैडो को आइलिड पर अवश्य अप्लाई करें। हालांकि, आईशैडो कलर को लेकर आप थोड़ी एक्सपेरिमेंटल भी हो सकती हैं।



### यूज करें ग्लिटर बेस

ग्लिटर को आंख पर सही तरह से लगाए रखने के लिए नॉर्मल आई प्राइमर की जगह ग्लिटर के लिए आने वाले खास बेस यूज करें। ग्लिटर बेस या ग्लिटर ग्लू, ग्लिटर को इधर-उधर फेस पर गिरने नहीं देते हैं और इससे फेस ज्यादा क्लीन दिखता है। अगल-अलग ग्लिटर बेस को यूज करने का तरीका भी अलग होता है। कुछ में ग्लिटर ग्लू को स्किन पर लगाकर ग्लिटर लगाया जाता है, जबकि कुछ में पहले ब्रश में ग्लू लगाते हैं और फिर इस ब्रश को ग्लिटर में डिप करते हैं और फिर इसे आईलिड पर लगाया जाता है।

### ग्लिटर ग्लू लगाना ना भूलें

यह एक बेहद महत्वपूर्ण प्वाइंट है, जिसे अक्सर महिलाएं स्किप कर देती हैं, जिसके कारण उनका ग्लिटर कुछ ही समय के बाद डस्ट ऑफ हो जाता है। दरअसल, ग्लिटर को जब अप्लाई किया जाता है, उस समय तो वह बेहद अच्छा लगता है। लेकिन कुछ ही वक्त बाद वह धीरे-धीरे हटने लगता है। लेकिन आपके साथ ऐसा ना हो, इसलिए आइलिड पर ग्लिटर लगाने से पहले ग्लिटर ग्लू को अवश्य लगाएं। यह आंखों पर ग्लिटर को लॉन्ग लास्टिंग बनाने में मदद करता है।

### ऐसे करें अप्लाई

ग्लिटर को किसी नॉर्मल आईशैडो की तरह आंखों पर लगाने की कोशिश न करें। इससे ग्लिटर मूव होता जाएगा और पैच बन जाएंगे। ग्लिटर को हमेशा आईलिड पर पैट करके प्रेस करें। इसके लिए ग्लिटर ग्लू के ऊपर सूखी उंगलियों से ग्लिटर लगाएं। एक बार पैट करें फिर ग्लिटर लें और फिर पैट करें, इस तरह से पूरी आईलिड पर ग्लिटर लगाएं।

### ना करें ग्लिटर को मिक्स करने की गलती

दो रंगों के ग्लिटर को मिक्स करके अपने आउटफिट से मैच कराने जैसी गलती न करें। दो रंग के ग्लिटर बहुत मेसी लुक देते हैं और इन्हें यूनिफॉर्म तरीके से लगाना भी मुश्किल होता है। ग्लिटर तभी मिक्स करें जब दोनों ग्लिटर के कलर्स काफी हद तक सेम हो।

### वैसलीन या जेल का करें इस्तेमाल

आई मेकअप में ग्लिटर आईशैडो लगाने से पहले अपनी लैश लाइन पर जेल या वैसलीन लगाएं। ऐसा करने से मेकअप ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा और लंबे समय तक टिकेगा भी। इस तरीके से आई मेकअप में परफेक्शन भी लाया जा सकता है।

# बाजार जैसा कलाकंद घर में ही बनाएं और त्योहार पर करें मुंह मीठा



धनतेरस का त्योहार इस बार 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सोना-चांदी खरीदने की मान्यता है। धनतेरस के दिन खरीदारी के साथ ही लोग घरों में धन के देवता कुबेर की पूजा की भी करते हैं। साथ ही घरों में तरह-तरह के पकवान बनते हैं। किसी भी त्योहार की खुशी मीठे के बिना अधूरी ही रह जाती है। अगर आप केवल बाजार की ही मिठाई खाते हैं। तो इस बार घर में बनाकर देखें कलाकंद। जिसका स्वाद बिल्कुल बाजार जैसा होगा। तो चलिए जानें किस रेसिपी की मदद से बाजार जैसा कलाकंद घर में तैयार किया जा सकता है।

### बाजार जैसा कलाकंद बनाने की सामग्री

250 ग्राम पनीर (कद्दूकस किया हुआ), 200 ग्राम खोवा, एक कप चीनी, आधा कप दूध, कंडेस्ड मिल्क आधा कप, इलायची पाउडर, ड्राई फ्रूट्स, देसी घी एक चम्मच।

कलाकंद बनाने की विधि

सबसे पहले गैस पर कड़ाही को गर्म करें और थोडा सा देसी घी डालें। अब इस कड़ाही में खोवे को अच्छी तरह से भून लें। खोवे के भूनकर गैस बंद कर दें। अब इस भुने खोवे में कद्दूकस किया हुआ या फिर अच्छी तरह से मैश किया हुआ पनीर मिला लें। इसे अच्छी तरह से मिक्स कर एकसार कर लें। एक बार फिर से गैस को जलाएं और पनीर और खोवे के मिश्रण को अच्छी तरह से भूनें। जब ये दोनों चीजें बिल्कुल नर्म हो जाएं तो इसमे कंडेस्ड मिल्क और दूध डाल दें।

ध्यान रहे कि गैस की आंच बिल्कुल कम हो नहीं तो खोवा जल जाएगा। सारी चीजों को अच्छी तरह से चलाएं और पकाएं। जब कंडेस्ड मिल्क सूखने लगे तो चीनी मिला दें। अच्छे से चलाते हुए इसे पकाएं। जब पूरा मिश्रण सूख जाए तो इलायची पाउडर डालकर गैस बंद कर दें। अब किसी बड़ी थाली या फिर ट्रे में घी लगाकर चिकना कर लें। फिर इस थाली या ट्रे में कलाकंद के मिश्रण को पलटकर करछूल की मदद से चिकना कर दें। ऊपर से कटे हुए ड्राई फ्रूट्स को फैला दें। एक बार फिर करछूल से इसे दवाएं। जिससे कि सारे ड्राई फ्रूट्स अच्छी तरह से चिपक जाएं। जब ये हल्का ठंडा हो जाए तो इन्हें मनचाहे आकार में काट लें। बस तैयार है कलाकंद की मिठाई, इसे आप घरवालों को जब चाहे खिला सकती हैं।

# विधायक के करीबियों की अलग ही टोली

» कहीं तूफान आने से पहले की तैयारी तो नहीं?
» कभी सबसे खास रहे समर्थकों का अलग जाकर कार्यक्रमों में शिरकत करना कहीं कुछ गड़बड़ तो नहीं।
» आजकल बैकुंठपुर विधानसभा में सत्तापक्ष की राजनीति की अलग ही तस्वीर आ रही सामने।
» विधायक खेमे के लोगों के अलग जमावे से उठ रहे सवाल भी,कुछ तो गड़बड़ है?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले के एकमात्र विधानसभा बैकुंठपुर में सत्तापक्ष की राजनीति अलग ही करवट लेती नजर आ रही है और विधायक के कभी खास रहे समर्थकों का अलग जमावड़ा लगने लगा है, कहा जा रहा है कि यह जमावड़ा असन्तुष्ट लोगों का जमावड़ा है जो धीरे धीरे विधायक से नाराज होते चले गए और अब अलग जाकर एकजुट हो रहें हैं। यह उन लोगों का जमावड़ा है जो विधायक के सबसेखास हुआ करते थे आरंभ के दिनों में जब बैकुंठपुर की वर्तमान विधायक चुनाव लड़ने मैदान में पहली बार उतरी थीं और उनके खास सिफेहसलार यही लोग हुआ करते थे।
बैकुंठपुर विधायक से उनके यह खास समर्थक जो बड़ी संख्या में हैं क्यों अलग हुए और क्यों अलग जमावड़ा लगा रहें हैं इसको लेकर तो कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही है बशर्ते यह जरूर कहा जा रहा है कि सभी विधायक से नाराज चल रहे हैं और यही वजह है कि वह अलग जाकर एकजुट हो रहें हैं। बैकुंठपुर विधायक से अलग होकर चल रहे इस एकजुट होने वाले गुट में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बैकुंठपुर,नगर अध्यक्ष कांग्रेस शिवपुर चरचा,युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव,जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर,जिला अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब शामिल हैं। बैकुंठपुर विधायक के एक तरह से यही मुख्य सिफेहसलार थे और इनके अलग होने से उन्हें निश्चित रूप से नुकसान होगा जो आगामी



चुनाव में उनके लिए दिक्कत खड़ा करेगा। बैकुंठपुर विधायक का संगठन को महत्व नहीं देना भी इसका कारण माना जा रहा है और मनमाने रूप से पदाधिकारियो के मनोनयन से भी इसको जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे चुनाव में अभी समय है और देखना यह होगा कि बैकुंठपुर विधायक कैसे अपने समर्थकों को मनाती हैं। बैकुंठपुर विधानसभा में बैकुंठपुर की वर्तमान विधायक का आगामी चुनाव कठिन होगा यह अभी से तय नजर आने लगा है,एक तरफ समर्थकों की ही नाराजगी दूसरी तरफ क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क में भी कमजोर प्रदर्शन निश्चित रूप से वर्तमान विधायक के लिए कठिनाई खड़ी करने वाला होगा। बैकुंठपुर विधानसभा ने हमेशा जन सरोकारों को प्राथमिकता देनेवाले जनप्रतिनिधियों को चुना और इसबार भी उन्हें ऐसे ही उम्मीद थी लेकिन जिस तरह का 4 सालों का कार्यकाल बैकुंठपुर विधायक का रहा जनसरोकार कहीं नजर नहीं आया बशर्ते द्वेष और विरोध की राजनीति ज्यादा देखी गई जो परम्परा पहले कभी बैकुंठपुर विधानसभा में नहीं रही। बैकुंठपुर विधायक के खास समर्थकों के दूर जाने की वजहों में एक वजह यह भी बताई जा रही की विधायक के ही करीब रह रहे कुछ लोगों के द्वारा लगातार कान भरने व गलत सही जानकारी विधायक तक पहुचाने के कारण भी यह लोग अलग हुए हैं जो चर्चा का विषय भी बना हुआ है। आधे से अधिक कांग्रेस के वरिष्ठ ऐसे ही नाराज चल रहे हैं ऊपर से नगरपालिका चुनावों में भी विधायक की रणनीति हार की वजह बनी और पार्टी को मुंह की खानी पड़ी अब चुनाव समीप आते समर्थकों का अलग जाना, कुछ तो गड़बड़ जरूर है?

नपा मनेन्द्रगढ़ जिनकी जगह खाली कराकर दुकान बनाई है

# उन बेरोजगार को दुकान जल्द आबंटित करे:आनंद शर्मा

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के मनेंद्रगढ़ नगर अध्यक्ष आनंद शर्मा ने मीडिया के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ पर बोला हमला कहा जानना चाहता हूं की शासन की ओर से पौनी पसारी योजना के अंतर्गत जो दुकाने बनाई गई उसका क्या है सूत्रों द्वारा जानकारी मिल रही है कोर्ट में मामला चले जाने के कारण स्ट्रे लगा हुआ है। जब की दुकानें बनाने के लिए ठेले वालो की रोजी रोटी छिनी गई, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने मीडिया के सामने प्रेस वार्ता कर कहा था कहा था की 3 माह के अंदर ठेला हटाकर दुकान बनावा कर आपको पक्की दुकान मिल जाएगी, मैं मीडिया के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ से पूछना चाहूँगा की यह दुकानें ठेले वाले को कब तक मिल पाएगी, क्योंकि शासन का पैसे का हो रहा दुरुपयोग और जो शासन के पास पैसा आता है वह जनता का ही पैसा है नगर



पालिका को चाहिए जिनकी जगह खाली कराकर दुकान बनाई गई है जो बेरोजगार हो गए हैं लिखित आश्वासन दे दुकान उन्हें कब तक मिल पाएगी और जो लोग बेरोजगार हो गए हैं उन्हें बेरोजगारी भत्ता दे।

# विभाजित कोरिया के भाजपा जिलाध्यक्ष होंगे कृष्णबिहारी

»2023 का चुनाव इन्हीं नेतृत्व लड़ा जाएगा।
» नवीन जिला एमसीबी के भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए गए अनिल केशरवानी को।

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कांग्रेस जहां जिला अध्यक्ष के बदलाव को लेकर इंतजार को लंबा करती जा रही है वही भाजपा ने 13 जिले के जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। जिसमें विभाजित कोरिया का जिला अध्यक्ष कृष्णबिहारी जयसवाल को बनाया गया, अविभाजित कोरिया के भी जिलाध्यक्ष यही थे जिन्होंने अपना कार्यकाल औसतन कार्यो से पूरा किया पर अब इनके सामने नए जिला के तौर पर सिर्फ एक विधानसभा की जिम्मेदारी होगी, इनका दायरा कम होगा और इस दायरे में वह अच्छी तरीके से मेहनत कर अपनी पार्टी को मजबूत कर पाएंगे, कहीं ना कहीं एक बार फिर जिलाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी को लेकर इनके अन्दर ऊर्जा का संचार हुआ होगा और इस बार वह अपनी अध्यक्षता में अपनी सीट तो फाइनल कराने के लिए भीड़ जाएंगे। कोरिया के नए भाजपा जिला अध्यक्ष एक बार फिर कृष्ण बिहारी जायसवाल होंगे वहीं कोरिया से अलग हुए एमसीबी जिले के पहले भाजपा अध्यक्ष बनने का गौरव अनिल केशरवानी को हुआ है। अनिल लम्बे समय से कट्टर भाजपायी के रूप में जाने जाते रहे है, वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल को अपने कार्यकाल में भाजपा को संगठित कर शानदार नेतृत्व क्षमता का ईनाम मिला है। कृष्ण बिहारी जायसवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण साव व संगठन मंत्री अजय जामवाल के आगमन पर उनका जो अपनी टीम के साथ स्वागत किया व बड़ी तादाद में भाजपाइयों को इकट्ठा करने की क्षमता प्रस्तुत की, उसका सन्देश भी राजधानी तक बेहतरीन गया। इसके अलावा अपने कार्यकाल में कृष्ण बिहारी जायसवाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के कार्य को अमलीजामा पहनाया भाजपा ने 13 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है।



नेहरू युवा केंद्र कोरिया दौरा स्वच्छ भारत 2.0 के तहत

## मेगा कार्यक्रम का आयोजन चिरमिरी में



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** नेहरू युवा केंद्र कोरिया के द्वारा शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता एवम श्रमदान कार्यक्रम महाविद्यालय में पूर्ण किया गया, जिसमे महाविद्यालय परिसर में उगे घास, शाक, खरपतवार एवम प्लास्टिक को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राम किंकर पाण्डेय एवम नेहरू युवा केंद्र जिला अधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार, कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में संयुक्त श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय से सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी, सुश्री प्रेमा कुजूर, सुश्री अंकिता जयसवाल, सुश्री मोहिनी राठौड़, मंजीत सिंह, फयाजूल मुस्तफा, राम नारायण पनिका, गिरीश दास मानिकपुरी, सूरज कुमार साहू आदि अध्यापकगण, कर्मचारिगण उपस्थित रहकर श्रमदान किए एवम इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व और उससे निजात पाने के उपायों को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत अधिक संख्या में छात्र-छात्राए एवं नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स उपस्थित रहे। जिनकी सक्रिय भागीदारी से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन में नेहरू युवा केन्द्र कोरिया के स्वयंसेवकों प्रिंस, कुंदन, अमन ,मोहित, शिवसागर, मनीष, विक्रांत, रोहन, अर्जुन, दुर्गेश संजू, इशिता की सहभागिता मुख्य रूप से रही ।



भाजपा खड़गवां मंडल में भाजयुमो के तत्वाधान में जनपद क्षेत्र के दस पंचायतों के

# 267 नव युवक-युवतियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

-संवाददाता-
**खड़गवां 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** खड़गवां जनपद क्षेत्र के सामुदायिक भवन में भाजपा खड़गवां मंडल द्वारा नए जुड़ रहे कार्यकर्ताओ के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दस ग्राम पंचायतों के 267 युवक युवतियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, इस दौरान सभी को अतिथियों के द्वारा भाजपा गमछा पहनकर स्वागत किया गया। तदुपरांत सभी नव प्रवेश कार्यकर्ताओ का ऑनलाइन पंजीयन भी किया गया। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नए शामिल हुए सभी नव युवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी युवाओं को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर मैं आप सभी का स्वागत करता हु। आज देश का युवा तय कर रहा है कि उन्हें परिवार वाद से परे हटकर देश व प्रदेश का सही विकास करने वालो के साथ आगे बढ़ना है। आप सभी अभी युवा है अपने अपने क्षेत्र में आप सभी की जिम्मेदारी है कि अपने स्थानीयजनों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए, देश मे हो रहे बदलावों से उन्हें रूबरू करवाये।
इस दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि सभी युवाओं का हम स्वागत करते है आप सभी के ऊर्जा से हम नए आयाम तय करेंगे। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी में एक छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी बड़े पदों पर आसीन हो सकता है। यह और किसी पार्टी में संभव नही है आप सभी अभी युवा है आगे चलकर आप सभी के बीच से ही किसी न किसी को पार्टी की कमान संभालने का अवसर भविष्य में मिलेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे, मंडल अध्यक्ष खड़गवां जनार्दन साहू, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री सुशील सिंह, अरूणोदय पांडे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राम प्रताप, राजेन्द्र दास, विजेंद्र देवांगन, अब्दुल हमीद खान, सतेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद साहू, राम सिंह, विनोद मरावी, पप्पू महाकाल, सुस्मा, समसुन निशा, सुमन सेसर, अंकित शर्मा उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक 21 अक्टूबर को

**अम्बिकापुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहार गरिमामय एवं शांतिपूर्वक मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 21 अक्टूबर 2022 को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री कुंदन कुमार करेंगे।संयुक्त कलेक्टर ने जिले के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिक निगम के आयुक्त, अनुविभागीय दण्डाधिकार, नगरसेना के जिला सेनानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग एवं छ.ग. राज्य विद्युत वितरण के कार्यपालन अभियंता तहसीलदार को समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र-31/अ-20(3)/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मराज शर्मा आ0 राधेश्याम शर्मा, आयु लगभग-55 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी मोहल्ला-टिम्वर भवन के पीछे चोपड़ापारा, नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा मोहल्ला-आजाद वार्ड सरल क्रमांक-01, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-3/106 रकबा-0.05 एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में( भू-धारक धर्मराज शर्मा आ0 राधेश्याम शर्मा, निवासी -अम्बिकापुर आजाद वार्ड ) उसके उसके स्वयं के नाम पर अंकित है। आवेदक उपरोक्त आवेदित नजूल भूमि को अनावेदक चंचल अग्रवाल आ0 कृष्ण कुमार अग्रवाल, आयु लगभग-37 वर्ष, जाति अग्रवाल निवासी मोहल्ला जवाहर मार्केट, नवापारा, नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 को सदादिन के लिये विक्रय करना चाहता है, के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु मेन्टेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-23/11/2022 तक इस न्यायलय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र-46/अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश अग्रवाल आ0 स्व0 हनुमान प्रसाद अग्रवाल, आयु लगभग-49 वर्ष जाति-अग्रवाल, निवासी मोहल्ला-ब्रम्हपारा नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-110 के तहत् इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि मोहल्ला-ब्रम्हपारा, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक- 3224/1 रकबा-$0.03^{1/4}$ एकड़ (1415.7 वर्गफीट/131.56 वर्गमीटर) को अनावेदकगण /विक्रेतागण शत्रुघन आ0 केदार नाथ, आयु लगभग-27 वर्ष एवं अन्य-09, सभी की जाति-दर्जी, निवासी-ब्रम्हपारा, नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 से पंजीबद्व विक्रय पत्र निष्पादित दिनांक-06/10/2022 को किया गया है। आवेदक उपरोक्त पंजीबद्व विक्रय पत्र के आधार पर अनावेदकगण/विक्रेतागणों का नाम वर्तमान नजूल अभिलेख से विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु नजूल मेन्टेनेन्स खसरा एवं पंजीबद्व विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित अनुरोध किया गया है।


उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखीत दावा-आपति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-21/11/2022 तक इस न्यायलय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से शाम तक बंद रही बिजली आपूर्ति

-पृथ्वीलाल केशरी-
**रामानुजगंज19 अक्टूबर 2022(घटती घटना)।** शहरवासियों के लिए बुधवार का दिन परेशानियों से भरा रहा। सुबह 09 बजे से बिजली गुल होने से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 15 वार्डो में 06 घंटे बिजली गुल रही। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रामानुजगंज के कनिष्ठ यंत्री अक्षय कुमार सिंह के जारी आदेश के बाद दीपावली पूर्व मेंटनेंस के नाम पर सुबह 09 बजे से शाम 03 बजे तक बिजली गुल की गई थी। जिसके कारण नगर वासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेंटेनेंस वर्क में शहर के किनारे लगे तार में पड़ रहे पेड़ों की कटाई के साथ शहर के खंभे और तार की चेकिंग की गई।
कई जगह का स्विच व जंपर का भी मेंटनेंस किया गया। सुबह 09 बजे के बाद लोगों की परेशानी शुरू हो गई। शाम 03 बजे बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



### कार्यालयों सहित व्यवसायियों के व्यवसाय रहा ठप्प

06 घँटे बिजली गुल होने से नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज के कुल 15 वार्डों में स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का व्यवसाय आज ठप रहा। जिसमें मुख्य रुप से फोटोकपी दुकान,आटा चक्की,वेल्डिंग वर्कशाप,मोबाइल सेंटर एवम न्यायालय कार्यालय सहित दर्जनों किस्म के व्यवसाय बिजली पर ही निर्भर हैं। बिजली बंद होने के कारण लोगों का लाखों रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ। बिजली आने के इंतजार में सभी व्यवसायिक अपने प्रतिष्ठानो को खुले रखें हुए थे। शाम 03 बजे बिजली आने के बाद वेल्डिंग,इलेक्ट्रानिक,गन्ना रस की दुकान सहित अन्य दुकानों में कामकाज शुरू हो सका।

### विधुत विभाग द्वारा दी गई थी सूचना

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रामानुजगंज के कनिष्ठ यंत्री अक्षय कुमार सिंह के द्वारा लोकल व्हाट्सएप ग्रुप में मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद होने की सूचना दी गई थी। पूर्व से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिल जाने से नगरवासियों ने सुबह जल्दी उठकर अपने घरों में पीने एवं निस्तारी का पानी,इनवर्टर तथा मोबाइल को पर्याप्त चार्ज कर अपनी व्यवस्था चाक चौबंद कर ली थी।

# गोंगपा नेता से वनकर्मी ने की मारपीट,भड़के गोंगपा कार्यकर्ता

-संवाददाता-
**सूरजपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** केतका के एक वन कर्मी पर गोंगपा नेता से मारपीट करने की शिकायत आजाक थाने में दर्ज कराई गई है।मामले में अब तक कोई कार्रवाई न होने से गोंगपा कार्यकर्ता बेहद खफा है और आज जिला प्रशासन व पुलिस को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है साथ ही कार्रवाई न होने की दिशा में घेराव प्रदर्शन की तैयारी भी की जा रही है।गोंगपा के जिलाध्यक्ष रामाधीन पाया ने आज दिए एक ज्ञापन में बताया है कि गोंगपा के राष्टीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम पर मंगलवार को केतका बिट के वन रक्षक रवि राजवाडे ने किए गए शिकायत को लेकर जानलेवा हमला कर दिया है जिससे उन्हें चोंटे आई है।इस घटना की शिकायत आजाक थाने में दर्ज कराई गई है पर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नही की है।उन्होंने बताया कि आज एसपी व डीएफओ को अलग अलग ज्ञापन देकर उक्त वन कर्मी के बर्खास्तगी व गिरफतारी की मांग की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि कल तक कार्रवाई नही होने की स्थिति में 21 को घेराव व चक्का जाम आदि करने को विवश होंगे।



# एक व्यक्ति बना मोहल्ले वासियों के लिए रास्ते का रोड़ा

» रास्ते के आभाव में मोहल्लेवासी का आवागमन में बाधा है,कौन मोहल्ले वासियों की समस्या का कराएगा समाधान।
» मोहल्ले वासियों की शिकायत पर स्थल पर पहुंचे जनपद सीईओ...कहा ना रोके रास्ता।



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना परसापारा मोहल्लेवासी वर्षो से रास्ते की जटिल समस्या से जूझ रहे हैं। एक व्यक्ति की वजह से मोहल्ले में रहने वाले कई लोगों के रास्ते में अड़चन उत्पन्न हो गई हैं उस व्यक्ति द्वारा रास्ते के आवागमन को रोकना व बाधा उत्पन्न करना लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है, मोहल्ले के दर्जनों परिवार के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यद्यपि रास्ता की समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों ने ग्राम पंचायत, स्थानीय थाना पुलिस से लेकर जिला अधिकारियों को रास्ते की समस्या से अवगत कराया है, परंतु रास्ता हेतु उत्पन्न समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है।
मोहल्ले वाले के अनुसार परसापारा निवासी हिमायतुल्ला खान के बाउंड्री वॉल के उत्तर दिशा होकर वर्षों पुराना लगभग 09 फिट मुरमी रास्ता है, जिस पर मोहल्ले के लोग आवागमन करते हैं। परंतु विगत कुछ वर्षो पूर्व रास्ते वाली भूमि पर हिमायतुल्ला द्वारा लोहे की पोल गाड़ कर वर्षो पूर्व संचालित रास्ते को बाधित कर दिया गया है। स्थिति यह है कि संचालित रास्ते पर मकान निर्माण समाग्री वाहन, एंबुलेंस, स्कूल वाहन, अन्य बड़ी वाहनों को हिमाय तुल्ला द्वारा अपने दरवाजे पर ही रोक दिया जाता है तथा ट्रैक्टर ड्राइवर को डरा धमका कर समाग्री से भरे वाहन को वापस लौटा दिया जाता है, जिससे मोहल्ले वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, और कारणवस लोगों में रोष व्याप्त है। रास्ते के संबंध में 23 अगस्त 2020 को ग्राम पंचायत भवन पटना में एक सभा आयोजित की गई थी, जिसमे हिमायतुल्ला खान को भी सभा में उपस्थित होने हेतु सूचना भेजा गया था, परन्तु हिमायतुल्ला द्वारा सूचना लेने से इनकार कर दिया गया था। तत्पश्चात ग्राम पंचायत पटना द्वारा पुनः 25 08 2020 को हिमायतुल्ला के घर पंचायत सभा मे उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा गया, परन्तु हिमाय तुल्ला ने इसका बहिष्कार कर देना ही उचित समझा।
जिले के ग्राम पंचायत पटना परसापारा में निर्मित सड़क की समस्या पर शिकायत किया गया था, जिस पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार ने संज्ञान लेते हुए बुधवार की सुबह घटना स्थल का जायजा लिया। इस दौरान पीड़ित मोहल्लेवासियों ने विनय कुमार के समक्ष अपने दस्तावेज पेश किये जिसका अवलोकन उन्होंने किया तथा मोहल्ले वासियों ने एक एक कर अनावेदक द्वारा सड़क मे अवरोध उत्पन्न करने के कारण होने वाली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। एक मोहल्लेवासी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बताया कि 10 से 12 फिट कच्ची सड़क होने के बावजूद भी अनावेदक हिमायतुल्ला द्वारा बड़ी वाहनों को हमारे घर की ओर नहीं जाने दिया जाता। अनावेदक द्वारा वाहन चालकों को डरा धमका कर अपने दरवाजे पर रोक दिया जाता है तथा वहीं से वाहन को वापस भेज दिया जाता है, जिससे सम्पूर्ण मोहल्लेवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके प्रतिक्रिया में अनावेदक ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मोहल्लेवासियों के समक्ष कहा कि हां हम वाहनों को नहीं जाने देंगे, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनावेदक को फटकार लगाई और

# क्या जिले का थाना अवैध कारोबार रोकने में सक्षम नहीं?



» कोयला तस्करों का एक गुट धड़ल्ले से कर रहा कोयला तस्करी, किस के प्रभाव से मिली हिम्मत?
» जिला विभाजन से एसपी का भार हुआ कम,दो एसपी पर कानून व्यवस्था बेहतर करने की जिम्मेदारी,क्या बेहतर होगी कानून व्यवस्था?
» पटना के कोयला तस्कर पहुंचे चरचा कालरी, चरचा से भी शुरू है कोयले की तस्करी।
» पटना क्षेत्र में कई दशकों से कोयला तस्करों का राज,अब चरचा तक तस्करी का विस्तार।
» चरचा क्षेत्र से कोयले का अवैध परिवहन जारी, तस्करों के एक गुट को मिली हरी झंडीःसूत्र।
» ग्रामीण क्षेत्रों में है कोयले की भरपूर खपत,गांव-गांव लगाए जाते हैं चिमनी भट्ठे।
» अन्य राज्यों को भी ट्रकों से भेजा जा रहा है कोयला,तस्कर भेजते हैं अवैध कोयला।
» पुलिस की मिलीभगत से भी नहीं किया जा सकता इंकार,खुलेआम होता है करोबार।
» प्रशासन अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगा पाने में आजतक रहा है नाकाम।

-रवि सिंह-
**मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर/बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कहां गया है प्रयास करने वालों की कभी हार नहीं होती, यदि पुलिस प्रयास कर ले कि थाने क्षेत्र में अवैध कारोबार पूरी तरह बंद करना है तो क्या अवैध कारोबार बंद नहीं हो सकता, अधिकारी चाहले तो वह दिन दूर नहीं जब थाना स्तर पर सारे अवैध कारोबार बंद हो जाएंगे और किसी की मजाल नहीं की बिना उनके अनुमति से अवैध कारोबार कर ले पर क्या ऐसा हो पाएगा यह एक बड़ा सवाल है? वर्तमान कोरिया जिला अब सिर्फ चार थाने का हो गया है पर क्या इस चार थाने में भी अवैध कारोबार पूरी तरह बंद किया जा सकता है? इस समय कोयला तस्कर काफी सक्रिय हैं और दो थाना क्षेत्र में जमकर कोयले की तस्करी हो रही है यह दोनों थाने कोयलांचल क्षेत्र में आते हैं और यहां पर रात के अंधेरे में शुरू होता है कोयले का काला कारोबार, प्रतिदिन कोयले की हो रही चोरी और यह चोरी बिना पुलिस की सांठगांठ से कर पाना नामुमकिन है पर सवाल यह है कि इस समय कोयला तस्करी में संख्या भी तस्करों की बढ़ चुकी है, एक नहीं कई गुट हो चुके हैं एक गुट को दोनों थाना क्षेत्र में कोयले निकालने की अनुमति है वही एक गुट को एक ही थाना क्षेत्र में कोयला निकालने की अनुमति मिल सकी कई है यह भी भेद भाव जारी ही जो दुसरे गुट को पसंद नहीं ऐसा सूत्रों का मानना है, सवाल यह है कि आखिर ऐसा संभव कैसे आखिर किस के प्रभाव से एक गुट को कोयला तस्करी करने का बेधड़क छूट मिली हुई है?
ज्ञात हो कि कोरिया जिले का विभाजन हो गया है और कोरिया से एक नया जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर बना है दोनों जिलों में अलग-अलग एसपी मौजूद हैं जहां कोरिया पुलिस अधीक्षक के पास चार थाने हैं तो वही नवीन जिले एमसीबी के पुलिस अधीक्षक के पास 8 थाने हैं पर इन थानों में से वह थाने काफी चर्चित होते हैं जो कोलांचल क्षेत्र में आते हैं जैसे कोरिया जिले का चरचा व पटना थाना यहां पर कोयला तस्कर काफी सक्रिय हैं और कोयले की तस्करी जमकर होती है साल के 3 महीने छोड़कर बाकी 9 महीने भारी मात्रा में कोयले की तस्करी की जाती है कोयला तस्करी के पीछे संचालित कॉलरिया है जिसमें चरचा, कटकोना व पांडवपारा यह शामिल है जहां से कोयले का उत्पादन होता है और तस्करों की आंख कोयला पर गड़ी होती है बड़े पैमाने पर साठ गाठ से होती है तस्करी, कुछ तस्कर तो अवैध खदान संचालित करके भी कोयला निकाल रहे हैं और कोयले को एक जगह भंडारण कर बड़ी गाड़ी के माध्यम से अन्य जिलों में भेजा जा रहा है, इतनी बड़ी मात्रा में कोयले की तस्करी हो रही है पर पुलिस इससे अनभिज्ञ है यह भी कहना गलत होगा। वही नवीन जिले एमसीबी का चिरमिरी व मनेन्द्रगढ़ थाना कोयला तस्करी को लेकर सुर्खियों में रहता है और कुछ दिन पहले भी कोयले से लदी एक ट्रक फस गई थी जो इस बात को प्रमाणित करती है कि कोयले की तस्करी हो रही है यह बात सभी को पता है तो फिर पुलिस इस बातों से इनकार कैसे कर सकती है सवाल यह उठता है, सब जान रहे हैं कोयले की तस्करी हो रही है नेता से लेकर तमाम अधिकारियों को इस बात की जानकारी है पर इसके बावजूद को तस्करी रोकना पुलिस के लिए नहीं चुनौती है, पुलिस इसे रोकना नहीं चाहती क्या इसके पीछे की वजह तस्करी से होने वाली इनकम है?



### मौसम के साथ तस्करी का व्यपार

बरसात का मौसम चलगया शरद ऋतु आगई, शरद ऋतु जहां मौसम के अनुसार ही समय पर आती है वैसे ही कोरिया जिले के कुछ क्षेत्रों में यह ऋतु कोयला तस्करों के इन्तेजार की समाप्ति की ऋतु होती है, क्योंकि इसी समय उनके अवैध कोयले के कारोबार की शुरुआत होती है और जो बरसात के मौसम के आने तक जारी रहती है जिसमें कई करोडों का कारोबार कोयला तस्कर करते हैं और खुलेआम करते हैं। कोयले का अवैध कारोबार जिले में कोई नया नहीं है पर यह बात सही है कि इस अवैध कारोबार को कोई भी बंद नहीं करा पाया हर साल यह अवैध कारोबार चलता है और कारोबार से कहीं ना कहीं पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों व अधिकारियों को भी आर्थिक लाभ होता है यह कटु सत्य है, इस कारोबार में संलिप्त लोग उनके कामों में बाधा ना आए इसके लिए बाधा बनने वाले सभी को खरीद फरोख्त की जाती हैं, इसके बाद यह काम बड़े पैमाने पर शुरू होता है, इस बार कोयले का अवैध कारोबार करने वालों का अड्डा बना है चरचा कॉलरी जहां थाने के पीछे से ही इस कारोबार की शुरुआत होती है, एसईसीएल द्वारा कोयले का उत्पादन हो रहा है और बेल्ट के जरिए कोयला निकलता है ठीक थाना के पीछे कारोबारी इस अवैध काम को अंजाम दे रहे हैं। पटना क्षेत्र के अवैध कोयला के कारोबारी चरचा कॉलरी का रुख कर लिए हैं बताया जाता है कि चरचा कॉलरी क्षेत्र में एसईसीएल का निकलने वाला कोयला जिस पर कोयले के कारोबारियों द्वारा अपने मजदूर लगा कर प्रतिदिन बेल्टों से कोयला उतारते हैं और पिकअप के माध्यम से कोयले को ईट भट्ठा में तक खपाने का काम कर रहे हैं, कोयले का कारोबार वक्त से पहले शुरू कर दिया गया है, ताकि इस बार लगभग 10 महीने यह कारोबार किया जा सके।

### कोयला तस्करों ने बढ़ाया अपना क्षेत्र

कोयला तस्करी का कारोबार कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में ही आज तक व्यापक रूप से होता आया है लेकिन इसबार कोयला तस्करों ने अपना क्षेत्र बढ़ाया है और वह चरचा तक जा पहुंचे हैं और चरचा से इस वर्ष कोयले की तस्करी शुरू हो चुकी है जैसी की सूचना मिल रही है। चरचा से कोयला लाकर कोयला तस्कर या तो उसे पटना क्षेत्र में खपा रहें हैं या फिर उसे बड़ी ट्रकों से बाहर के राज्यों में भेज रहें हैं और मोटी कमाई कर रहें हैं, कुल मिलाकर कोयला तस्करी का कारोबार इस वर्ष व्यापक रूप से वृहद क्षेत्र तक होगा यह तय नजर आने लगा है।




### पटना क्षेत्र में कई दशकों से जारी है कोयला तस्करी

पटना क्षेत्र में कई दशकों से कोयले की तस्करी जारी है और जिसे कई तस्करों के गुट द्वारा संचालित किया जाता है और जो धड़ल्ले से कोयला तस्करी करते हैं,कोयला तस्कर एसईसीएल की खदानों से निकलने वाले कोयलों के साथ साथ ही जंगलों में खुद के ही कोयले खदानों का संचालन अवैध रूप से करते हैं जहां एक समय मे सैकडों मजदूर काम कर कोयले का अवैध उत्खनन करते हैं। कोयले के अवैध उत्खनन सहित एसईसीएल से चोरी किये गए कोयले को तस्कर अवैध ईंट भट्ठों के संचालकों के बेचते हैं और मोटी कमाई करते हैं। क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों की भरमार है। इस क्षेत्र में शामिल हर गांव में अवैध रूप से बंगला भट्ठों का संचालन किया जाता है और ईंट बनाया जाता है। यही अवैध ईंट भट्ठे अवैध कोयले की खपत करते हैं और कोयला तस्करों को एक तरह से मदद पहुंचाते हैं उनके अवैध कारोबार में। अवैध ईंट भट्ठों का इस क्षेत्र में इसकदर प्रचलन है कि शायद ही किसी गांव में अवैध इंटभट्ठों को न देखा जा सके वहीं प्रशासन भी इनपर कार्यवाही करने की बजाए इन्हें ऐसे ही छूट दे रखी है जिससे प्रतिदिन इनकी संख्या बढ़ती देखी जा रही है। वैसे बताया जाता है कि संबंधित विभाग जो इनपर रोक लगा सकता है वह इनसे ऊपरी आमदनी से जुड़कर इन्हें बिना कार्यवाही छोड़ देता है।

### प्रशासन नहीं रोक पा रहा अवैध कोयले का कारोबार

कोरिया जिले ने कई दशकों से जारी अवैध कोयले के कारोबार पर प्रशासन आज तक अंकुश लगा पाने में असफल रहा है और यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से कोयला तस्कर करते चले आ रहें हैं। वैसे ऐसा नहीं है कि प्रशासन इस कारोबार को रोकना चाह रहा है और फिर भी रोक नहीं पा रहा है बल्कि प्रशासन इस कारोबार को रोकना ही नहीं चाह रहा है क्योंकि इससे जुड़े लोग राजनीतिक पहुंच वाले हैं और सत्तापक्ष से जुड़े हुए हैं।

### कोरिया एसपी पर 4 थाने व एमसीवी के एसपी पर 8 थाने का कानून व्यवस्था बेहतर करने की जिम्मेदारी

अविभाजित कोरिया के पुलिस अधीक्षक पर 12 थाने की थी कानून व्यवस्था बेहतर करने की जिम्मेदारी जो नवीन जिला बनने से जिम्मेदारी हुई कम, जिम्मेदारी कम होने से कानून व्यवस्था बेहतर करने में होगी आसानी पर क्या हो पाएगा कानून व्यवस्था बेहतर? यह एक बड़ा सवाल है कोरिया पुलिस अधीक्षक के पास बहुत छोटा क्षेत्र है कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, जिसमें चार थाने ही आते हैं पर वही एमसीबी जिले के नवीन पुलिस अधीक्षक के लिए थोड़ा क्षेत्रफल बड़ा है और थाने हैं 8 पर फिर भी कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उनके पास भी कहीं न कहीं चार थानों की जिम्मेदारियां कम है ऐसे में दोनों पुलिस अधीक्षक दोनों जिले के कानून व्यवस्था को बड़ी आसानी से सुदृढ़ कर सकते हैं और एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं पर क्या ऐसा कर पाएंगे? यह एक बड़ा सवाल है जिस प्रकार का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है और रोक नहीं लग पा रही इसे लेकर यह सवाल तो बनता है।

#### कुछ सवाल

**सवालः-** क्या जिले का थाना अवैध कारोबार रोकने में सक्षम नहीं?
**सवालः-** थाना स्तर पर नहीं बंद हो सकता कोयला चोरी?
**सवालः-** एक गुट को कोयला चोरी करने की अनुमति दूसरा गुट अनुमति पाने की फिराक में, पहला गुट अनुमति में अड़ंगा?
**सवालः-** कोयला तस्करों का एक गुट धड़ल्ले से कर रहा कोयला तस्करी किस के प्रभाव से कोयला निकालने की मिली हिम्मत?
**सवालः-** प्रशासन अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगा पाने में आजतक क्यों रहा है नाकाम?
**सवालः-** क्या कोयले के अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है प्रभारी को?
**सवालः-** क्या तस्करों की सेटिंग थान स्तर पर न हो कर उच्च स्तर पर है क्या की वजह है की कोयला तस्कर थान प्रभारी को कुछ नहीं समझते।

# क्यों नपा उपाध्यक्ष बने तानाशाह...नहीं भरने दिया निविदा?

» क्या नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर में नापा उपाध्यक्ष जो चाहेंगे वही होगा?
» नपा उपाध्यक्ष पर लगा मनमानी आरोप कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारी से शिकायत।



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** पहले बैकुंठपुर विधानसभा में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा था अब बैकुंठपुर के नगर पालिका में भी सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में इस समय काफी उठापटक देखने को मिल रही है, नगर पालिका अध्यक्ष की उन्ही के नगर पालिका में नहीं चल रही और नगरपालिका उपाध्यक्ष की इतनी चल रही कि उनकी मर्जी के बिना एक पत्ता तक नहीं हिलता, जिसे लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुआ है, यदि नगरपालिका बैकुंठपुर के ताजा मामले पर गौर करें तो नगर पालिका अध्यक्ष व एक व्यक्ति ने नापा उपाध्यक्ष के खिलाफ गंभीर शिकायत कलेक्टर कोरिया से करते हुए आरोप लगाया है कि नापा उपाध्यक्ष की मनमानी चल रही है उन्होंने एक ठेकेदार को निविदा भरने से रोक गया, उन्हें निविदा फॉर्म तक नहीं लेने दिया गया, जिसे लेकर पूरे शहर में चर्चा का विषय है और नगर पालिका के ऊपर से लोगों का विश्वास भी अब उठता नजर आ रहा है, सवाल यह है की क्या सत्ता हासिल होते ही लोगों का मन मस्तिक बिगड़ जाता है जबकि यह क्यों भूल जाते हैं कि वह निर्वाचित तो हुए हैं पर विधायक हो, अध्यक्ष हो या उपाध्यक्ष वह रहेंगे सभी के पर ना जाने उनके मन मस्तिष्क में यह क्यों समा गया है कि वह तो सिर्फ किसी एक विशेष पार्टी के हैं आखिर क्यों राजनीति में शिष्टाचार खत्म होता दिख रहा है?

### नपा अध्यक्ष श्रीमती शिवहरे ने घटना की निंदा करते हुए जांच की मांग की

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शैलेष शिवहरे निवासी गुरुनानक वार्ड क्रमांक 6 बैकुण्ठपुर के द्वारा पत्र जारी कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर से शिकायत करते हुए कहा की उन्हें होर्डिंग निविदा प्रक्रिया में शिकायत प्राप्त हुई है जाँच तक निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। श्रीमती शिवहरे ने कहा कि महेश कुमार गुप्ता प्रो. प्रगति एंड एजेंसी निवासी संजय नगर, बैकुण्ठपुर के द्वारा लिखित शिकायत दी गई है की बैकुण्ठपुर नगर पालिका के द्वारा विज्ञापन (होर्डिंग) की निविदा के लिए 13.10.2022 को निविदा पंजीकरण एवं फार्म की मांग की गई थी, जिसके लिए 100 रूपये का रशीद भी कटवाया गया था तथा फार्म लेने 14 अक्टूबर 2022 को कार्यालय में बुलाया गया था, जब बुलाए गए तिथि व समय पर 3 से 4 बजे महेश कुमार गुप्ता कार्यालय पहुँचे तब उनके साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए उन्हें फार्म दिए बगैर कार्यालय से भगा दिया गया। इस प्रकार का कृत्य निन्दनीय एवं अशोभनीय है जिसकी जांच होनी चाहिए कि क्यों फार्म नहीं दिया गया। उक्त घटना की जांच होने तक निविदा प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्देश दिया जाता है।

### निविदा फार्म देने से इंकार,कार्यालय से भागने का आरोप

महेश कुमार गुप्ता प्रो0 प्रगति एड एजेंसी समत नगर कुण्ठपुर ने कलेक्टर कोरिया को शिकायत करते हुए कहा कि बैकुण्ठपुर नगरपालिका परिषद में विज्ञापन (होर्डिंग) की निविदा निकाली गयी थी। जिसके लिये मेरे द्वारा 13 अक्टूबर 2022 को नगर पालिका कार्यालय में निविदा पंजीकरण एवं निविदा फार्म की मांग की गई। आवेदन शुल्क 100 रूपए लेने के बाद 14 अक्टूबर 2022 को बुलाया गया था। जब मै 3 से 4 बजे कार्यालय पर पंहुचा तो कार्यालय में नगरपालिका उपाध्यक्ष के द्वारा अपने कक्ष से ही सभी निविदा संबंधी कार्यों का संचालन कर रहे थे एवं जयचंद बाबू को मेरे सामने मना कर दिया गया एवं मेरे साथ अभद्रता पूर्वक मुझे वहां से भगा दिया गया, क्योंकि 14.10.2022 निविदा फार्म मिलने की अंतिम तिथि थी। जिससे में निविदा प्रक्रिया में भाग न ले सकूं। श्री गुप्ता ने कहा की कार्यालय का 3 से 4 बजे तक के दिनांक 14.10.2022 की फुटेज की जांच करवाने की कृपा करें एवं निविदा प्रक्रिया को निरस्त करें ताकि में निविदा प्रक्रिया निष्पक्षता के साथ हो सके।

# पिकअप के ठोकर से टहलने के लिए निकले युवक की मौत

संवाददाता-
**कोरबा, 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** उरगा थाना अंतर्गत ग्राम तुमान-सक्ती मार्ग पर ग्राम ढोढ़ातराई के पास बुधवार की सुबह हादसा हो गया। सुबह टहलने के लिए निकले युवक को पिकअप वाहन ने ठोकर मार दि, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम बंधवाभांठा निवासी भक्त प्रहलाद धोबी 22 वर्ष पिता अमृतलाल ग्राम तुमान में मामा के घर रहकर बढ़ई का काम करता था। सुबह तड़के लगभग 4 बजे उठ कर अपने दो मित्रों सुरेंद्र कंवर एवं अमित कंवर के साथ टहलने हेतु घर से निकला था। ढोढ़ातराई मोड़ के पास पीछे से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 11 ए एस 3970 ने युवक को ठोकर मार दी जिससे युवक के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीण और मृतक के परिजन पहुंच गए थे। उरगा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। दुर्घटनाकरित पिकअप के चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर वाहन को जप्त कर लिया गया है।



# जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक 20 अक्टूबर को

संवाददाता-
**सूरजपुर, 19 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति, बच्चों के अवैध प्रवास रोकने हेतु जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी एवं जिला स्तरीय सलाहकार, निरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 20 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आहूत की गई है।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मायारानी मण्डल आ0स्व0 हरिपद मण्डल व अन्य निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपात्य की पुर्नवास की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 115/1 रकबा 1.450 हे0 में से रकबा 0.200 भूमि को अनावेदक अनिता अग्रवाल पत्नि सुशील अग्रवाल निवासी नवापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 25,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11/11/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायवेगा।
आज दिनांक 10/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमला बंसल पत्नि स्व0 घनश्याम दास व अन्य निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर द्वारा मुख्तार आम प्रदीप अग्रवाल आ0 स्व0 बाबूलाल अग्रवाल निवासी बिलासपुर रोड लक्ष्मीपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित की भूमि ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 415 रकबा 0.518 हे0 भूमि को अनावेदक सविता अग्रवाल पत्नि प्रदीप अग्रवाल निवासी लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 45,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायलय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11/11/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायवेगा।
आज दिनांक 10/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार मालवीय आ0 रविन्द्रनाथ मालवीय निवासी चौधरी मोहरलाल कॉलोनी रेखांकन कॉलोनी मनेन्द्रगढ़ रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 2/330 रकबा 0.020 हे0 भूमि व मकान को अनावेदक डॉ0 ममता विवेक गुप्ता पत्नि डॉ0 विवेक प्रसाद गुप्ता निवासी भगत सिंह पाठक गली केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 67,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायलय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16/11/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायवेगा।
आज दिनांक 12/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष केशरी आ0 श्याम किशोर केशरी निवासी जय स्तंभ चौक अम्बिकापुर मुख्तार आम वास्ते ईला शर्मा पिता डॉ0 एन0पी0 शर्मा निवासी जिला हास्पिटल के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4557/81 रकबा 0.040 हे0 भूमि को अनावेदक अंकुर अग्रवाल आ0 टेकराम अग्रवाल निवासी कुण्डला सिटी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 18,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायलय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11/11/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायवेगा।
आज दिनांक 10/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपम शर्मा आ0स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा व अन्य निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4551/56 रकबा 0.081 हे0 में से रकबा 44.75×47=2103.25 वर्गफिट भूमि को आवेदक प्रदीप अग्रवाल आ0 रामविलास अग्रवाल व अन्य निवासी भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 12,00,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर माहोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16/11/2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सामजीत बरगाह शोलवा निवासी भिट्ठीखुर्द थाना व तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पुत्र) स्व0 मनोहर बरगाह आ0 सामजीत बरगाह मृत्यु की दिनांक 05/09/2012 को स्थान में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित (पिता) किया जाता है कि आवेदक सोमारू स्व0 रामजतन निवासी ठाकुरपुर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने अवगत कराया है कि आवेदक के (पिता) स्व0 रामजतन आ0 रेधा की मृत्यु दिनांक 02/01/1990 को स्थान निवासी में हुई। आवेदक के द्वारा मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक मेंरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायवेगा।
आज दिनांक 14/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202210020700115**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
पचपेड़ी प.ह.न. 00012 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दिनेश गुप्ता ,
अनावेदक पक्षकार- चौधरी,

ईश्तहार

आवेदक दिनेश गुप्ता आ0 कुंजबिहारी गुप्ता निवासी मठपारा पुलिस चौकी मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम पचफे डी स्थित खसरा नंबर 218/1 रकबा 0.211 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में दर्ज गंभीर साय आ0 लक्ष्मन की जाति सुधार करते हुये अगरिया के स्थान पर उसकी वास्तविक जाति लोहार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रा0 अम्बिकापुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/011/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसील सरगुजा (अम्बिकापुर)


C M Y K

# बदले हुए तेवर में है दक्षिण अफ्रीका,30 अक्टूबर को भारत के सामने होगी कठिन चुनौती

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर 2022।** भारत भी टी-20 विश्वकप का एक प्रमुख दावेदार है। लेकिन मंजिल आसान नहीं। जीत की राह में कठिन चुनौतियां हैं। पाकिस्तान रास्ते का सबसे रोड़ा है। लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका ने भी भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत टी-20 की घरेलू सीरीज जीत चुका है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में यह टीम बिल्कुल बदली हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बॉलिंग और बैटिंग में कमाल का प्रदर्शन किया। भारत के खिलाफ शतक ठोकने वाले रिली रूसो ने न्यूजीलैंड की गेंदबाजी को तहस नहस कर दिया। दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक लॉकी फर्गुसन के 3 ओवरों में 36 रन बने। रूसो ने 32 गेंदों पर 54 रन ठोके। उनकी यह पारी टीम इंडिया के लिए एक तरह से चेतावनी है। दूसरी तरफ कैगिसो रबादा, वेन पर्नेल और मार्को जेनसन ने अपनी तेज गेंदों से न्यूजीलैंड को पस्त कर दिया। केशव महाराज की स्पिन का भी न्यूजीलैंड के पास कोई जवाब नहीं था। किवी टीम केवल 98 रन पर लुढ़क गयी। भारत और दक्षिण अफ्रीका का मैच 30 अक्टूबर को पर्थ में है। दुनिया की सबसे तेज पिच में शुमार पर्थ में अब भारत को अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।



### रिली रूसो का तूफान भारत के लिए चेतावनी

इस महीने के शुरू में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इंदौर में टी-20 का मुकाबला हुआ था। तीन मैचों की सीरीज में भारत पहले ही दो मुकाबले जीत चुका था। दक्षिण अफ्रीका सीरीज हार चुका था। उसे इंदौर का तीसरा मैच जीत कर कम से अपनी प्रतिष्ठा बचानी थी। इस मैच में रिले रूसो ने एक तूफानी पारी खेली थी। मात्र 48 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया था। इस पारी में उन्होंने 8 करारे छक्के और 7 चौके मारे थे। उनका स्ट्राइक रेट दो सौ से ऊपर था। इस लाजवाब बैटिंग के चलते भारत यह मैच हार गया था। रूसो का यह प्रचंड फॉर्म ऑस्ट्रेलिया में भी बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब उन पर ज्यादा भरोसा करने लगी है। वे पहले मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते थे। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच में रूसो को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था। इस भूमिका में भी उन्होंनो जबर्दस्त पारी खेली। वे 54 रन बना कर नाबाद रहे।

### दक्षिण अफ्रीका के अब नये तेवर

घरेलू श्रृंखला जीतने के कारण भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका टीम का नजरिया अब बदल चुका है। वह नये माइंड सेट के साथ विश्व कप प्रतियोगिता में उतरी है। रिले रूसो के रूप में उसे एक मैच विजेता खिलाड़ी मिल चुका है। क्रांटन डि कॉक, रेजा हेनरिक्स, एडम मार्करम , डेविड मिलर और हेनरिक क्लासनेन दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग को और भी मजबूत बनाते हैं। आस्ट्रेलिया की तेज पिच पर इस टीम की गेंदबाजी भी निखर गयी है। न्यूजीलैंड जैसी टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी। 17.1 ओवर में उसका पुलिंदा बंध गया और 100 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सकी। गप्टिल 26, ग्लेन फिलिप्स 20 और ब्रेसवेल ने 11 रन बनाये। इसके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका।

### क्या कहते हैं रिकॉर्ड ?

हालांकि टी-20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। दोनों ने अब तक पांच मैच खेले हैं जिनमें भारत को चार में जीत मिली है। पहला टी-20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जिसमें भारत ने मेजबान देश को हराया था। इसके बाद भारत ने 2010, 2012 और 2014 के विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को मात दी थी। दक्षिण अफ्रीका को केवल 2009 के विश्वकप में जीत मिली थी। 2007 में भारत टी-20 का विश्व विजेता बना था। 2014 में वह फाइनल में पहुंचा था जहां श्रीलंका के हाथों उसे हार झेलनी पड़ी थी। 2012 के विश्वकप में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को केवल 1 रन से हराया था। यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया था।

### विश्वकप में जब 1 रन से जीता भारत

भारत ने पहले बैटिंग कर 150 रन बनाये थे। सुरेश रैना ने सबसे अधिक 45 रन बनाये थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 151 रन ही बना सकी थी। दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन चाहिए थे। 19वें ओवर की समाप्ति पर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर था 8 विकेट पर 139 रन। भारत की तरफ से लक्ष्मीपति बालाजी 20वां ओवर फेंक रहे थे। पहली गेंद पर एल्बी मोर्केल ने छक्का जड़ दिया। दूसरी गेंद पर वे आउट हो गये। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। चौथी गेंद पर मोर्ने मोर्केल ने छक्का मार दिया। पांचवीं गेंद पर मोर्ने मोर्केल भी आउट हो गये। इस तरह दक्षिण अफ्रीका 151 के स्कोर पर ऑलआउट हो गया और 1 रन से मैच हार गया। लक्ष्मीपति बालाजी का यह ओवर हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो गया।

## कुवैत को हराने के बावजूद एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के लिये क्वॉलीफाई नहीं कर सका भारत




**मेलबर्न ,19 अक्टूबर 2022।** कप्तान टायसन सिंह और गुरकीरत सिंह ने दोनों हाफ में एक एक गोल किये जिसकी मदद से भारतीय टीम ने अपने आखिरी क्वालीफिकेशन मैच में कुवैत को 2 . 1 से हरा दिया लेकिन अगले साल होने वाले एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी। भारत ग्रूप एच में कुवैत से पहले तीसरे स्थान पर रहा। आस्ट्रेलिया शीर्ष पर और ईराक दूसरे स्थान पर रहा। दस ग्रूप की शीर्ष टीमें और पांच सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीमों को टूर्नामेंट में जगह मिली है।

उजबेकिस्तान को बतौर मेजबान सीधे प्रवेश मिला है। टूर्नामेंट एक से 18 मार्च 2023 के बीच खेला जायेगा। भारत को ईराक ने 4 . 2 से और आस्ट्रेलिया ने 4 . 1 से मात दी थी। कुवैत के खिलाफ मैच में टायसन सिंह और गुरकीरत ने भारत के लिये और सालेह अलमेहताब ने कुवैत के लिये गोल दागे।

भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही मिनटमें कुवैत के गोल पर हमला बोला। हिमांशु जांगड़ा का शॉटहालांकि क्रासबार से टकरा गया। टायसन ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। कुवैत ने जल्दी ही जवाबी हमला बोला लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उसे बांधे रखा। ब्रेक तक भारत के पास एक गोल की बढत थी। एक घंटा बीत जाने के बाद बिपिन ने गुरकीरत को शानदार क्रॉस सौंपा लेकिन उनका हेडर रोक लिया गया। हूटर में 20 मिनट बाकी रहते कुवैत के कप्तान अलमेहताब ने बराबरी का गोल किया। कुवैत की खुशी हालांकि तीन मिनटतक ही कायम रही और गुरकीरत ने गोल करके भारत को जीत दिला दी।

## एशिया कप स्थल को शिफ्ट करने से 2023 वनडे विश्व कप के लिए पाक की भारत यात्रा हो सकती है प्रभावित

**लाहौर, ,19 अक्टूबर 2022।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को संकेत दिया कि अगले साल के एशिया कप के आयोजन स्थल को शिफ्ट करने की संभावना 2023 में वनडे विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा के साथ-साथ 2024 में भारत में होने वाले भविष्य के आईसीसी आयोजनों को प्रभावित कर सकती है। पीसीबी ने आगे कहा कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा अगले साल के एशिया कप को न्यूट्रल स्थान पर शिफ्ट करने पर की गई टिप्पणी कि भारत पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा, आश्चर्यजनक और निराशाभरी है।



उन्होंने कहा, टिप्पणी एशियाई क्रिकेट परिषद या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (इवेंट होस्ट) के बोर्ड के साथ किसी भी चर्चा या परामर्श के बिना और उनके दीर्घकालिक परिणामों और प्रभावों के बारे में किसी भी विचार के बिना की गई थी।

पीसीबी ने कहा, एसीसी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद, जिसके दौरान पाकिस्तान को एसीसी बोर्ड के सदस्यों के भारी समर्थन और प्रतिक्रिया के साथ एसीसी एशिया कप से सम्मानित किया गया था, एसीसी एशिया कप को स्थानांतरित करने का शाह का बयान स्पष्ट रूप से एकतरफा किया गया है।

50 ओवर के प्रारूप में होने वाले एशिया कप के 2023 सीजन को आईसीसी के फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) के अनुसार पाकिस्तान को आवंटित किया गया था।

उन्होंने कहा, यह उस दर्शन और भावना के विपरीत है जिसके लिए सितंबर 1983 में एशियाई क्रिकेट परिषद का गठन किया गया था। अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करने और एशिया में क्रिकेट के खेल को व्यवस्थित करने, विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त एशियाई क्रिकेट निकाय बनाया गया था।÷

पीसीबी ने आगे कहा, इस तरह के बयानों के समग्र प्रभाव में एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित करने की क्षमता है और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा और 2024-2031 चक्र में भारत में भविष्य के आईसीसी आयोजनों को प्रभावित कर सकता है।

पीसीबी ने यह भी कहा कि उन्होंने मामले पर चर्चा के लिए एसीसी बोर्ड की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

उन्होंने आगे कहा, पीसीबी को एसीसी अध्यक्ष के बयान पर एसीसी से कोई आधिकारिक संचार प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में, और संवेदनशील मामले में पीसीबी ने एशियाई क्रिकेट परिषद को इस महत्वपूर्ण पर व्यावहारिक रूप से जल्द से जल्द अपने बोर्ड की एक आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए लिखा है।

इससे पहले,बीसीसीआई मुंबई में अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की समाप्ति के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि वह टूर्नामेंट के लिए अपने पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगा और मांग की है कि टूर्नामेंट को न्यूट्रल स्थान पर ले जाया जाए।

## टी-20 वर्ल्ड कप के करो या मरो मुकाबले में जीता वेस्टइंडीज

### जिम्बाव्वे को 31 रनो से दी करारी शिकस्त

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर 2022।** टी20 वर्ल्ड कप के क्वालिफाइंग मुकाबले में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 31 रन से हरा दिया। होबार्ट क्रिकेट ग्राउंड में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे के सामने 154 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 122 रन पर आल आउट हो गई। इस जीत से वेस्टइंडीज की टीम सुपर 12 में पहुंचने की उम्मीद बना हुई है। इससे पहले ग्रुप-बी के एक मुकाबले में स्कॉलैंड ने वेस्टइंडीज को करारी शिकस्त दी थी। ऐसे में कैरिबियाई टीम के लिए यह मैच करो या मरो वाला था। इस मैच को जीतने के बाद वेस्टइंडीज की उम्मीद कायम है। पहली पारी में जिम्बाव्वे के सिकंदर रजा ने मैच में खतरनाक गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा मुजरबानी को दो और सीन विलियम्स को एक विकेट मिला। वहीं वेस्टइंडीज की तरफ से जॉनसन चार्ल्स 36 गेंद पर 45 रन की बेहतरीन पारी खेली। लुईस ने 18 गेंद पर 15 रन बनाए। 11 रन पर गिरे चार विकेट वेस्टइंडीज का स्कोर जब 90 रन था तब टीम को तीसरा झटका लगा। इसके बाद 11 रन टीम के स्कोर में और जुड़े और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ 3 बल्लेबाज आउट हो गए। पूरन 12.2 ओवर में आउट हुए। 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेंसन होल्डर आउट हुए। पारी के अंत में रॉवमैन पॉवेल ने 21 गेंद में 28 रन और अकील हुसैन ने 18 गेंद 23 रन बनाकर वेस्टइंडीज का स्कोर 7 विकेट पर 153 रन तक पहुंचाया। करो या मरो मुकाबले में जीता वेस्टइंडीज वेस्टइंडीज टीम के लिए यह मैच करो या मरो की स्थिति वाला था। उसे सुपर 12 में पहुंचने की उम्मीद को जिंदा रखने के लिए यह मैच जीतना ही था। वहीं, जिम्बाब्वे को अगर जीत मिलती है तो वह सुपर-12 का दावेदार बन जाता, उसने पिछले मैच में आयरलैंड को हराया था।





## भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**गाबा ,19 अक्टूबर 2022।** भारत का बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ गाबा मैदान पर दूसरा और अंतिम क्रिकेट अभ्यास मैच लगातार हो रही बारिश के कारण एक भी गेंद डाले बिना रद्द हो गया। भारत और न्यूजीलैंड दोनों की टीमें मैदान पर उतर भी नहीं सकी थीं क्योंकि इसी जगह पर दिन के पहले अभ्यास मैच के दौरान ही बारिश आ गयी थी जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की टीम 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ही ओवर खेल पायी थी।

## कप्तान रोहित ने बताया,कि किस प्लान के साथ उतरेगा भारत

**नई दिल्ली,19 अक्टूबर 2022।** रोहित शर्मा ने कहा है कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की मेजबानी करना उनके लिए गर्व की बात है। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया है कि इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्लान क्या होगा। टी20 विश्व कप की शुरुआत हो चुकी है। क्वालिफायर राउंड के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसके बाद 22 अक्तूबर से सुपर 12 के मैच खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 23 अक्तूबर को पाकिस्तान के साथ है। इस मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया है कि भारत इस टूर्नामेंट में किस प्लान के साथ उतरेगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पाकिस्तान, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के साथ है। पिछले साल भारत अपने शुरुआती दो मैच हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था। इस बार टीम इंडिया की कोशिश दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीतने की होगी। टी20 विश्व कप में भारत के पहले मुकाबले से पहले बीसीसीआई ने रोहित शर्मा का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें हिटमैन ने कई अहम मुद्दों पर बात की है। रोहित ने सबसे पहले कहा कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करना गर्व की बात है। वह इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। यहां उनके पास कुछ खास करने का मौका रहेगा। जब भी विश्व कप होता है तो खिलाड़ी काफी उत्साहित होते हैं। यह बड़ा टूर्नामेंट है, लेकिन हम इस पर ज्यादा बात नहीं करते हैं। इससे हमें अपने प्लान पर अमल करने में मदद मिलती है।


## शिवकार्तिकेयन स्टारर प्रिंस का धमाकेदार ट्रेलर हुआ लॉन्च

तेलुगु स्टार विजय देवरकोंडा ने तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन की पहली तमिल-तेलुगु द्विभाषी फिल्म प्रिंस का ट्रेलर लॉन्च किया है। फिल्म एक भारतीय लड़के और एक अंग्रेज लड़की की प्रेम कहानी और उसके कारण पैदा होने वाली समस्याओं के इर्द-गिर्द केंद्रित है। शिवकार्तिकेयन और मारिया रयाबोशपका दोनों एक स्कूल में सहकर्मी हैं। हालांकि शिवकार्तिकेयन के पिता जो एक समाज सुधारक हैं, उनके इस प्रेम कहानी में मुख्य रोल भी है। ट्रेलर का लगभग हर सीन मजेदार है। शिवकार्तिकेयन अपनी कॉमेडी टाइमिंग के साथ चरित्र में चमकते हैं और सत्यराज भी हास्य प्रदान करते हैं। अनुदीप केवी द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 21 अक्टूबर को दुनिया भर में स्क्रीन पर हिट होने वाली है, क्योंकि निर्माताओं को 25 अक्टूबर को दिवाली के साथ कमाई की उम्मीद है। छायाकार मनोज परमहंस के दृश्य और संगीत निर्देशक एस थमन का संगीत आशाजनक लगता है। प्रोडक्शन डिजाइन शानदार दिख रहा है। प्रवीण केएल संपादक हैं, अरुण विश्व फिल्म के सह-निर्माता हैं। सुनील नारंग, पुष्कुर राम मोहन राव और सुरेश बाबू के साथ, श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी, सुरेश प्रोडक्शंस और शांति टॉकीज के बैनर तले फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।




## ब्रालेट में नेहा मलिक ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

भोजपुरी इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस नेहा मलिक आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. उन्होंने बहुत कम समय में एक्टिंग वर्ल्ड और दर्शकों के बीच एक खास पहचान हासिल कर ली है. हालांकि इन दिनों वह अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. ऐसे में नेहा की फैन फॉलोइंग तेजी से बढ़ती जा रही है. लोग उनके बारे में हर बात जानने के लिए बेताब रहते हैं.अपने प्रोजेक्ट्स के अलावा नेहा अपने लुक्स की वजह से भी काफी सुर्खियों में रहती हैं. वह अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. लगभग हर दिन फैंस को उनका बोल्ड लुक देखने को मिल जाता है. अब उन्होंने फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक फैंस को दिखाई है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में नेहा को पिंक कलर की ब्रालेट और लोअर पहने देखा जा सकता है. इस दौरान वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस लुक को नेहा ने लाइट मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है. यहां वह पूल किनारे बेबाकी के साथ अपने इस लुक को दिखा कर रही हैं.इस लुक में नेहा इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. फैंस भी उनके इस लुक को हॉट बताते हुए कई कमेंट्स कर रहे हैं. वहीं, फैंस के बीच उनका यह लुक कुछ ही देर में तेजी से वायरल होने लगा है.















## अमिताभ बच्चन की ऊंचाई का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी डेन्जोंगपा और बोमन ईरानी जल्द ऊंचाई में नजर आएंगे। फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सूरज बड़जात्या ने इसका निर्देशन किया है। अब इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें अमिताभ, अनुपम, डैनी और बोमन अपनी जिंदगी को खुलकर जीते हुए नजर आए हैं। इसमें अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की भी झलक दिखी है। आइए जानते हैं कि कैसा है फिल्म का ट्रेलर। सूरज की यह फिल्म फैमिली ड्रामा से हटकर है। इसमें अमिताभ, अनुपम, डैनी और बोमन अपनी ढलती उम्र में माउंट एवरेस्ट चढ़ने की योजना बनाते हैं। इसी बीच उनके दोस्त डैनी का निधन हो जाता है। अब तीनों दोस्त मिलकर डैनी के इस अधूरे सपने को पूरा करने का बीड़ा उठा लेते हैं। ट्रेलर के अंत में किशोर कुमार का गाना ये जीवन है की धुन सुनाई दे रही है। इन दोस्तों की रोमांचक यात्रा में नीना गुप्ता और सारिका भी शामिल हो जाती हैं। परिणीत इन बुजुर्ग दोस्तों को एवरेस्ट की यात्रा के बारे में जागरूक करती दिखीं। इसमें अमिताभ सहित सभी कलाकारों की मौजूदगी एक मल्टीस्टारर फिल्म होने का अनुभव कराती है।

CMYK

# छत्तीसगढ़ में पिछड़े जिलों में कॉलेज खोलने पर सरकार देगी 2.50 करोड़ तक अनुदान,आधा ब्याज भी भरेगी

**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े और भौगोलिक रूप से दुर्गम जिलों में उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए सरकार नया प्रयोग कर रही है। इसके लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी यानी PPP मॉडल से कॉलेज खोलने की योजना बनी है। इस योजना के तहत चुनिंदा क्षेत्रों में कॉलेज खोलने वाले निजी संस्था को सरकार दो करोड़ 50 लाख रुपए तक का अनुदान देगी। कर्ज पर आधा ब्याज भी भरेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस नये प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस नये प्रस्ताव के मुताबिक खोले जाने वाले कॉलेजों को दी जाने वाली निश्चित पूंजी निवेश पर अधिकतम सब्सिडी 2 करोड़ 50 लाख रुपए अति पिछड़ा क्षेत्रों के लिए और एक करोड़ 75 लाख रुपए पिछड़ा क्षेत्र के लिए दी जाएगी।

इसी तरह सरकार कम से कम 10 एकड़ भूमि 30 वर्ष की लीज़ पर 50त्न की रियायती दर पर उपलब्ध कराएगी। इस भूमि का उपयोग अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता है। लीज की अवधि की समाप्ति होने पर दोनों पक्षों की सहमति से लीज की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। यहीं नहीं कॉलेज के अधोसंरचना निर्माण के लिए लिये गये अधिकतम 500 करोड़ रुपये के ऋण पर ब्याज की राशि का 50त्न भुगतान सरकार की ओर से किया जाना है।



सरकार कॉलेज की स्थापना व्यय का अधिकतम दो करोड़ रुपए का 20% पिछड़ा क्षेत्रों के लिए और 30% अति पिछड़ा क्षेत्रों में अनुदान के रूप में देगी। कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को सरकारी छात्रवृत्ति भी मिलेगी। लेकिन कॉलेज के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं कर्मचारियों की वेतन व्यवस्था निजी संस्था को करनी होगी।

योजना के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से गुणवत्ता रेटिंग संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद-NAAC की ओर से A++, A+ या A ग्रेड पाने वाले कॉलेजों को एक लाख 51 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि और प्रमाणपत्र दिया जाएगा। PPP मॉडल के तहत खोले जाने वाले कॉलेजों को NAAC/NIRF गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए लगने वाले शुल्क का 50त्न अथवा अधिकतम 3 लाख रुपए का वहन राज्य सरकार करेगी।

अभी निजी क्षेत्र के 12 कॉलेजों को ही शत प्रतिशत अनुदान

छत्तीसगढ़ में अभी तक मध्यप्रदेश अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रदेश में कुल 12 निजी महाविद्यालयों को शत्-प्रतिशत् नियमित अनुदान के तहत संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम, 2006 की नई व्यवस्था की गई।

### 2006 की व्यवस्था में चार कॉलेजों को 50% अनुदान

छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम के तहत अभी तक चार निजी कॉलेजों को 50% अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस अधिनियम के तहत तीन वर्ष में एक बार अधिकतम पांच लाख रुपये तक का तदर्थ अनुदान दिया जा सकता है। इसमें भवन विस्तार, फर्नीचर, उपकरण खरीदी की जा सकती है। आवेदन के आधार पर अनुदान की स्वीकृति दी जाती है। यह अनुदान भी केवल उन्ही निजी कॉलेजों को दी जा सकती है जिनका संचालन कम से कम 10 वर्षों से हो रहा है।

# जनता की उम्मीदों पर सबसे ज्यादा खरी उतरी भूपेश सरकार

**आईएएनएस-सीवोटर के सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ का सुशासन हुआ साबित**



**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** आईएएनएस-सी वोटर द्वारा देशभर में कराए गए एक सर्वे में छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य साबित हुआ है, जहां लोगों में शासन को लेकर सबसे ज्यादा संतुष्टि है। यह सर्वेक्षण इस बात का पता लगाने के लिए किया गया था कि विभिन्न राज्यों में सत्ता के प्रति लोगों में कितनी नाराजगी है। इस सर्वेक्षण में सुशासन के सभी सांकेतकों को आधार बनाया गया था।

इससे पहले भी छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बीते पौने चार वर्षों के दौरान भी राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कीर्तिमान स्थापित किए जा चुके हैं। बीते एक वर्ष से छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर देशभर के राज्यों में सबसे कम बनी हुई है। यह लगातार 01 प्रतिशत से नीचे है। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नये दृष्टिकोण के साथ काम करते हुए राज्य सरकार ने किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं सहित वंचित वर्ग के सभी लोगों को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, हाफ बिजली बिल योजना जैसी डायरेक्ट बेनीफिट स्कीमों के माध्यम से डेढ़ लाख करोड़ से अधिक राशि लोगों की जेबों में सीधे पहुंचाई गई। नयी उद्योग नीति के तहत कृषि और वन आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उपजों का प्रसंस्करण और वैल्यू एडीशन करते हुए किसानों और वनवासियों की आय में वृद्धि की। साथ ही रोजगार के अवसरों का निर्माण किया। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत 2 रुपए किलो में गोबर और 4 रुपए लीटर में गोमूत्र खरीदने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। गौठानों में आजीविका गतिविधियों को तेज करते हुए राज्य सरकार द्वारा रीपा योजना की शुरुआत की गई है।

इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई दीदी क्लीनिक योजना, श्री धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना संचालित की जा रही है। प्रशासनिक ढांचे में कसावट लाते हुए बीते पौने चार वर्षों में 06 नये जिलों और 77 से ज्यादा नयी तहसीलों की शुरुआत की गई है। इसी तरह अनेक नये अनुविभाग भी बनाए गए हैं। वर्तमान में जिलों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, इसी तरह अब छत्तीसगढ़ 227 तहसीलें और 108 अनुविभाग हो चुके हैं।

# गौठानों में ठीक से काम ना करने वाली समितियों की होगी छुट्टी, सीएम भूपेश बघेल ने दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्रपुर में सक्ति जिले के साथ डभरा विकासखंड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नया जिला बना है। लोगों में इसको लेकर खासा उत्साह है और अपेक्षाएं भी हैं। इसके लिए सभी अधिकारी अच्छे से कार्य करें। जिससे शासन प्रशासन पर लोगों का विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि कल के भेंट मुलाकात में जो घोषणाएं की गई हैं उन पर तेजी से अमल हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व रिकार्ड अपडेट नही होने से कोई भी व्यक्ति शासकीय योजना का लाभ लेने से वंचित नही होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नामांतरण, फौती, बंटवारा सहित राजस्व अभिलेखों के दुरुस्तीकरण का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की गति धीमी है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। अधिकारी नियमित इसकी मॉनिटरिंग और रिव्यू करें जिससे सड़कों का काम तेजी से पूरा हो। उन्होंने साराडीह और कलमा बैराज के लंबित मुआवजा प्रकरणों का भी जल्द निराकरण करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जो असली खातेदार है उनको ही इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने इसके लिए रिकॉर्ड को अपडेट करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि जिन गौठानो में गौठान समिति ठीक ढंग से कार्य नही कर रही है उन्हे तत्काल बदलें। एनिमिक महिलाओं को नियमित रूप से गर्म भोजन का लाभ मिलना चाहिए। बैठक के दौरान भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के संबंध में मुहिम चलाकर गांवों में पात्र लोगों को चिन्हांकित करने और उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

हाट बाजार क्लिनिक योजना में गांवों की संख्या बढ़ाने, निर्धारित दवा और जांच की सुविधा लोगों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाने और हाट बाजार क्लिनिक संचालन की रैंडम जांच के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। अगले 15 दिन में स्कूली बच्चों के शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया। ऐसे सारे गांव जो डूबान क्षेत्र में आते है और बाढ़ के दौरान लोगों को शिफ्ट करना पड़ता है वहां सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनाना है, कलेक्टर सक्ति को ऐसे गांवों का सर्वे करवा कर इस्टीमेट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

# रायपुर में नशीली टेबलेट के साथ पकड़ाया तस्कर



**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/सिरप की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेट/सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड नं. 03 स्थित जायसवाल ढ़ाबा पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, उप पुलिस अधीक्षक अपराध दिनेश सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना कल्पना वर्मा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया।

जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जाबीर खान निवासी उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में निट्राजेपम नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया।



## युवक बना गोबर बेचकर मनिहारी दुकान का मालिक

**कांकेर, 19 अक्टूबर 2022।** राज्य शासन द्वारा गोधन न्याय योजना अंतर्गत 20 जुलाई 2020 से 02 रूपये प्रतिकिलो की दर से गोबर खरीदी का कार्य प्रांरभ किया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। गौठानों में गौठान समितियों द्वारा पशुपालकों से गोबर खरीदी का कार्य किया जा रहा है तथा पन्द्रह दिवस के भीतर राशि भी उनके खाते मे हस्तांतरित की जा रही है। गोबर बेचने पर पशुपालकों की आय में वृद्धि हो रही है और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होने लगी है।

चारामा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम शाहवाड़ा निवासी पशुपालक अनिल कुमार साहू ने बताया कि मैं पहले लेबर का काम करता था, जिससे मुझे प्रतिदिन 200 रुपये मजदूरी मिलता था, जिससे मैं घर की आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पा रहा था।

# बिजली कर्मियों को दिवाली पर बोनस की सौगात



**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिजली कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने दीपावली के उपलक्ष्य में सभी नियमित एवं संविदा में कार्यरत बिजलीकर्मियों को 11 हजार रुपये तक बोनस / अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इससे छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के 16 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारी लाभांवित होंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अधिकारियों को माननीय मुख्यमंत्री व्दारा दीपावली से पूर्व भुगतान हेतु जरूरी आदेश जल्द से जल्द जारी हेतु निर्देश दे दिए गए हैं जिस के तारतम्य में मानव संसाधन विभाग से आज शाम तक आदेश जारी किए जाने की संभावना है. पिछले वित्तीय वर्ष में 21 हजार रुपए मूल वेतन तथा महंगाई भत्ता के रूप में मासिक वेतन प्राप्त करने वाले विद्युत कर्मी बोनस के लिए पात्र होंगे तथा सभी अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी कार्यों में दक्षता बनाए रखने हेतु प्रोत्साहन स्वरूप रुपए 11 हजार की अनुग्रह राशि दी जावेगी. इससे पावर कंपनियों को लगभग 17 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा।

बोनस अधिनियम 2005 के अनुसार नियोक्ता केवल नियमित एवं संविदा कर्मी को ही सीधे बोनस दे सकता है. अर्थात आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगाए गए कर्मियों या दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को उनके नियोक्ता ठेकेदार के व्दारा ही बोनस दिया जाना है.

पावर कंपनी में आउटसोर्सिंग और दैनिक वेतन भोगी के रूप में भी बहुत से कर्मचारी कार्य करते हैं अतः उन्हें भी दीपावली में खुशियां मिले इसलिए संवेदनशील माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने विद्युत अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए हैं कि आउटसोर्सिंग और दैनिक वेतन भोगी में लगे ठेका कर्मचारियों को भी दीपावली से पूर्व उनके नियोक्ता ठेकेदार द्वारा नियमानुसार बोनस दिया जाए, यह सुनिश्चित करें।

# जब मुख्यमंत्री ने किया किसान को सैल्यूट



रायपुर. भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कोनारगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रदेश के किसानों के प्रति मान और सम्मान जताने के तरीके ने लोगों का एक बार फिर दिल जीत लिया। किसान के गांव के प्रति विकास के नजरिए को देखकर मुख्यमंत्री ने किसान को ससम्मान सेल्यूट किया। साथ ही गांव के विकास की चिंता करने के लिए उनका आभार भी जताया। दरअसल भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कोनारगढ़ में ग्राम अर्जुनी के किसान राम कुमार बंजारे ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि गांव में गौठान स्वीकृत नहीं हुआ है। गांव में गौठान के बन जाने से गांव के लोगों का विकास होगा, साथ ही महिलाओं को भी रोजगार के नए साधन मिलेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने किसान राम कुमार की गांव के लोगों के विकास की चिंता करने वाली बातों को सुनकर

उनकी प्रशंसा की। साथ ही ससम्मान उनको सैल्यूट भी किया। किसान के प्रति आदर और सम्मान देखकर भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल लोगों ने तालियों के साथ मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया। कार्यक्रम में ही मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम अर्जुनी में गौठान स्वीकृत करने और शासकीय योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# नशे का काला कारोबार करने वाला देवनारायण साहू गिरफ्तार

**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/सिरप की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेट/सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत देवपुरी सतनाम चैक पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम देव चरण पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चैधरी द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम देव नारायण साहू निवासी गरियाबंद का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पैंट की जेब में स्पास्मों नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने के संबंध में देव नारायण साहू से वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी देव नारायण साहू के कब्जे से 144 नग स्पास्मों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट तथा बिक्री रकम जप्त किया गया।



आरोपी देवनारायण साहू से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कांदूल निवासी बाबा हसन उर्फ मोह. हसन एवं उसके साथी शंकर ठाकुर द्वारा कांदूल स्थित एक मकान में 04-05 कार्टून में उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट छिपाकर रखना तथा बाबा हसन एवं शंकर ठाकुर से ही उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट को प्राप्त करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी देवनारायण साहू को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कांदुल स्थित उक्त मकान में जाकर रेड कार्यवाही करते हुए 04 कार्टून में रखें कुल 57,600 नग स्पास्मों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जप्त किया गया। इस प्रकार आरोपी की निशानदेही पर कुल 57,744 नग स्पास्मों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट तथा बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 4,00,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 594/22 धारा 22(बी), 22(सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

घटना में संलिप्त आरोपी बाबा हसन उर्फ मोह. हसन वर्तमान में जेल निरूद्ध है। आरोपी बाबा हसन उर्फ मोह. हसन को दिनांक 11.10.2022 को थाना आजाद चैक क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम एवं स्पास्मों के साथ गिरफ्तार करते हुए आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चैक में अपराध क्रमांक 306/22 धारा 22(बी), 22(सी) नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी शंकर ठाकुर फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार



### अमिताभ बच्चन को मिला रायपुर आने का न्योता

**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ सरकार के सलाहकार गौरव द्विवेदी ने मुंबई में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से आज शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने बच्चन को राजकीय गमछा पहनाकर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तरफ से रायपुर आने का न्योता भी दिया। इस मुलाकात में प्रदेश सरकार की फिल्म नीति पर चर्चा हुई। बघेल सरकार की अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार लगातार आ रहे हैं। अपनी फिल्म की शूटिंग को लेकर अक्षय कुमार रायगढ़ में कई दिनों तक रहे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार के फिल्म पॉलिसी के सलाहकार गौरव द्विवेदी ने मुंबई में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन से मुलाकात की।

### छत्तीसगढ़ के इन दो आईएएस को एडिशनल सेक्रेटरी किया गया इम्पैनल

**रायपुर, 19 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के दो आईएएस को एडिशनल सेक्रेटरी इम्पैनल किया गया है। फिलहाल दोनों अफसर अभी केंद्र में ही प्रतिनियुक्ति पर हैं। सुबोध कुमार और निहारिका बारिक केंद्र में एडिश्नल सिकरेट्री प्रमोट हुए है। दोनों अधिकारी 1997 बैच के हैं।

### मदद के बहाने महिला से बढ़ाता रहा नजदीकियां, दिया शादी का झांसा,फिर दुष्कर्म कर हुआ फरार



**दुर्ग, 19 अक्टूबर 2022।** विधवा महिला से अनाचार करने वाले आरोपी के खिलाफ मोहन नगर पुलिस ने धारा 376, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी छह महीने तक विधवा को झांसे में लेकर अनाचार करता रहा। इसके बाद शादी से इंकार कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष महिला के पति की मौत हो गई। इसके बाद महिला अपना जीवन निर्वाहन के लिए किराना दुकान चलाने लगी। उस दौरान अक्सर सामान की खरीदी के लिए उसकी दुकान आता था। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने पर आरोपी महेंद्र शादी प्रलोभन देकर प्रेमजाल में फंसा लिया।

**शादी के लिए महिला को समय दे देकर मुंबई भाग गया**

करीब छह महीने तक अनाचार करता रहा। लेकिन उससे विवाह रचाने को लेकर कोई न कोई बहाना बनाकर टालने लगा।शादी के लिए महिला को समय दे देकर मुंबई भाग गया। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### शिव मंदिर में चमत्कार, पानी पीने रहे नंदी महाराज



**देवभोग, 19 अक्टूबर 2022।** गरियाबंद जिले में स्थित देवभोग ब्लॉक के टिकरापारा गांव के शिव मंदिर में नंदी महाराज की ओर से पानी पीने का वीडियो सामने आया है। अब इस चमत्कार को देखने के लिए मंदिर में लोगों का तांता लगा हुआ है। लोग कटोरी, चम्मच और गिलास में पानी लेकर लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं और नंदी महाराज को पानी पिलाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अब इसे आस्था कहे या अंधविश्वास सच तो यह है कि लोग अपने हाथों से नंदी महाराज को पानी पिलाने के लिए उत्सुक हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)